वर्ष: 3 | अंक: 17
जयपुर
मंगलवार, 26 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा,
विसं 2080
पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak




## अयोध्या से रामलला का सिद्ध विग्रह आज आएगा जयपुर


### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जयपुर में रामलला के सिद्ध विग्रह का अभिषेक एवं विशाल आरती होगी, निकलेगी शोभायात्रा एवं जयपुरवासी कर पाएंगे विग्रह के दर्शन



**जयपुर।** सच बेधड़क मीडिया समूह के फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा पिछले चार दिनों से अयोध्या के दौरे पर हैं। उन्होंने रामलला के दरबार में शीश नवाया और सरयू तट पर सरयू आरती की । इस दौरान मंत्रों का उच्चारण किया गया। इससे पूरा वातावरण गूंजायमान हो गया। इसके साथ ही उन्होंने हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। विनायक शर्मा ने बताया कि अयोध्या से रामलला का अष्टधातु का सिद्ध विग्रह और बाल हनुमान विग्रह को पूजा-अर्चना के बाद जयपुर लाया जा रहा है। जयपुर में विग्रह की स्थापना को लेकर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। रामलला और बाल हनुमान की गुलाबी नगरी में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जयपुर में शोभायात्रा एवं विशाल आरती की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। अयोध्या के सिद्ध संतो एवं महात्माओं द्वारा विनायक शर्मा को आशीर्वाद दिया गया।

**जरूरी खबर**

### नए वैरिएंट 'जेएन.1' के नए मामलों में तेजी से बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** लंबे समय के विराम के बाद देश में एक बार फिर कोरोना वायरस ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट 'जेएन.1' के नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक नए वैरिएंट के 63 मामले सामने आए हैं। इनमें से 34 मामले गोवा में पाए गए। नए वैरिएंट की वजह से केरल में तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। बीते 24 घंटे में देशभर में एक्टिव कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 4054 तक पहुंच गया है। एक दिन पहले एक्टिव मामले 3742 रिपोर्ट किए गए थे। जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में कुल 628 मामले आए हैं।

### घने कोहरे से जनजीवन हुआ प्रभावित

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को मौसम में तीन अलग-अलग बदलाव देखने को मिले। सुबह कोहरा छाया रहा। दोपहर में धूप खिली तथा शाम को ठंडी हवाओं ने सर्दी का अहसास कराया। राजधानी जयपुर की बात करे तो यहां सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.8 रहा जो रविवार के मुकाबले 2 डिग्री कम रहा। सुबह कोहरे के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर, घने कोहरे के कारण बाड़मेर में राष्ट्रीय राजमार्ग 68 पर धोरीमन्ना टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गुजरात के अहमदाबाद निवासी तीन दोस्तों की मौत हो गई।

### भजन सरकार का बड़ा ऐलान, कहा...

# प्रदेश की कोई योजना नहीं होगी बंद: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ कहा कि गहलोत सरकार की योजनाएं बंद नहीं होंगी। सीएम ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में 25 लाख तक फ्री इलाज करेंगे। मुफ्त दवाइयों का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। हम योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए काम करेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को सुशासन दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनके नेता कह रहे हैं कि हम उनकी योजनाओं को बंद करेंगे, लेकिन उनसे कहना चाहूंगा कि जनता के हित से जुड़ी कोई भी योजना भाजपा सरकार बंद नहीं करेगी, बल्कि उन्हें और अच्छे से लागू करेगी। हम दवाइयां बंद नहीं करेंगे और अच्छी से अच्छी दवाइयां शामिल करेंगे। जनता से जुड़ी कोई योजना बंद नहीं करेंगे, उसको आगे बढ़ाएंगे। अच्छी योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे उसको लेकर सरकार अपना प्रयास करेगी।




#### महिला अत्याचार बर्दाश्त नहीं

हम किसी कीमत पर महिला अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को साफ निर्देश दिया जा चुका है कि अगर आपने सिफारिश की तो उसको भी बख्शा नहीं जाएगा। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सरकार का ध्येय जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने का है।

#### गहलोत के सवाल का 15 मिनट में ही दिया जवाब

पूर्व सीएम गहलोत ने अपने एक्स अकाउंट पर सोमवार सुबह 11:15 बजे लिखा कि चिरंजीवी योजना के तहत निजी अस्पतालों द्वारा इलाज नहीं किया जा रहा। सरकार स्थिति स्पष्ट करें। 15 मिनट बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने आयुष्मान भारत योजना में 25 लाख तक के फ्री इलाज व मुफ्त दवाओं का दायरा बढ़ाने की बात कही।

#### मंत्रिमंडल का जल्द होगा विस्तार

प्रदेश की भजनलाल सरकार का अब जल्द ही विस्तार होगा। नामों का ऐलान मंगलवार तक तक हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक 27 दिसंबर को भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण हो सकता है। शपथ ग्रहण की तैयारियों को लेकर राजभवन में हलचल शुरू हो गई है। शपथ के साथ ही मंत्रियों के नाम सामने आएंगे।



### सुशासन दिवस पर 'अटल' प्रणाम


सोमवार को बीजेपी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा नेताओं ने उन्हें अटल प्रणाम किया। सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई जयंती पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि अटल जी ने गरीब कल्याण का सपना देखा और पीएम ने उसे साकार करने की दिशा में कार्य किए।

### मनाली से जयपुर तक पर्यटन स्थल गुलजार...




*क्रिसमस और नए साल के जश्न को लेकर सोमवार को देशभर के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए। मनाली से लेकर जयपुर तक के पर्यटन स्थलों पर देसी-विदेशी पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहा। वाहनों का दबाव से कई बार यातायात प्रभावित रहा। शहर में वाहनों की लंबी कतार नजर आई और वाहन रेंगरेंग कर चले। इसके चलते पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।*

## मंत्रिमंडल गठन में देरी पर पूर्व CM ने भाजपा पर साधा निशाना



**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रिमंडल गठन में देरी को लेकर सोमवार को राज्य की नवगठित भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों में निराशा फैलने लगी है और शासन व्यवस्था ठप हो गई है।

गहलोत ने 'एक्स' पर कहा कि जनता में अब निराशा व्याप्त होने लगी है क्योंकि राजस्थान की जनता ने तीन दिसंबर को भाजपा को स्पष्ट जनादेश दिया, लेकिन 22 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हुआ है, जिससे शासन संचालन में ठहराव की स्थिति आ गई है।

हर विभाग भी असमंजस की स्थिति में है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता देख रही है कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किन मंत्रियों के पास जाए। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मंत्रिमंडल गठन होना चाहिए जिससे सरकार का कामकाज सुचारू रूप से चल सके।

#### गहलोत के ओएसडी रहे देवाराम और महिपाल एपीओ

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी देवाराम सैनी और महिपाल कुमार को सरकार ने एपीओ कर दिया। कार्मिक विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। गहलोत के सीएम रहते प्रमुख सचिव और सचिव रहे अफसरों को 16 दिसंबर को एपीओ कर दिया था। उल्लेखनीय है कि देवाराम सैनी लंबे समय से अशोक गहलोत के साथ रहे हैं। पिछले राज में भी देवाराम सैनी सीएमओ में थे। इसके बाद 2013 में कांग्रेस की सरकार चली गई। देवाराम सैनी पूर्व सीएम के विशिष्ट सचिव के तौर पर उनके साथ रहे। 2018 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद वे सीएम के ओएसडी बन गए। अब सरकार ने उन्हें एपीओ किया है।

**करप्शन के खिलाफ कब होगा जीरो टॉलरेंस!**

# ACB के पास महत्वपूर्ण सबूत... फिर भी भ्रष्ट अफसरों पर एक्शन नहीं

- 522 शिकायतों और 101 प्राथमिकी जांच का अनुसंधान कानूनी अड़चनों में फंसा
- भ्रष्टों को कानून में संशोधन होने के बाद मिल रहा है अभयदान
- शिकायत और प्राथमिकी जांच दर्ज कर अनुसंधान करना भूल गए अफसर

**बेधड़क** | जयपुर

करप्शन के खिलाफ एसीबी के अधिकारी शिकायतें और प्राथमिकी जांच दर्ज करके अनुसंधान करना ही भूल गए। ऐसी ज्यादातर शिकायतों और प्राथमिकी जांच के मामले नए कानून के पेच में फंस गए, जबकि कई मामलों में अनुसंधान करने की स्वीकृति मिल गई तो एसीबी के अफसर उन मामलों में ही जांच ही नहीं कर रहे हैं। एसीबी के आंकड़ों की माने तो जनवरी 2018 से अगस्त 2023 तक पद का दुरुपयोग करके भ्रष्टाचार करने वाले अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ 804 शिकायतें और 102 प्राथमिक जांच दर्ज की है। इनमें से एसीबी ने 522 शिकायतों और 101 प्राथमिकी जांच का तो अनुसंधान ही नहीं किया, जबकि भ्रष्टों के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने के महत्वपूर्ण सबूत एसीबी के पास है। अब सवाल है कि आखिर एसीबी के अधिकारी ऐसे प्रकरणों में अनुसंधान क्यों नहीं कर रहे हैं। इससे एसीबी के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।



#### 2017 में हुआ था एक्ट में संशोधन

दरअसल भ्रष्टों के खिलाफ बनाए एक्ट में जुलाई, 2017 में संशोधन हुआ था। नए कानून में एसीबी के अफसर केवल सीधे तौर पर ट्रेप की कार्रवाई कर सकते हैं, जबकि पद का दुरुपयोग करने की शिकायत व आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी सीधे तौर पर कार्रवाई नहीं कर सकती है। इसके लिए पहले संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ पहले उसके विभाग के मुखिया से स्वीकृति लेनी पड़ती है। दर्ज की शिकायतों में एसीबी को 15 फीसदी से ज्यादा मामलों में स्वीकृति मिल गई है, लेकिन अफसर स्वीकृति मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जबकि अन्य मामलों में शिकायत व प्राथमिकी जांच करके आगे की कार्रवाई करना ही भूल गए।

#### दो बार रिमाइंडर भेजा, फिर भी नहीं मिली स्वीकृति

डीओआईटी में वीडियो वॉल टेंडर प्रक्रिया समेत अन्य टेंडरों में भारी अनियमितताएं के मामले में चेयरमैन आईएएस अखिल अरोड़ा से पूछताछ करने और जांच करने के लिए कार्मिक विभाग से स्वीकृति मांगी थी, लेकिन कार्मिक विभाग ने अभी तक स्वीकृति नहीं दी है। स्वीकृति जारी देने का अधिकार कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गैरा को है।

#### छह साल में दर्ज शिकायत व पेंडिंग

| वर्ष | दर्ज | शिकायत | निस्तारण पेंडिंग |
|---|---|---|---|
| 2018 | 387 | 238 | 1100 |
| 2019 | 246 | 186 | 1246 |
| 2020 | 124 | 50 | 1361 |
| 2021 | 21 | 287 | 1112 |
| 2022 | 10 | 203 | 628 |
| 2023 अगस्त तक | 16 | 49 | 522 |

### नवनिर्वाचित विधायक ने बनीपार्क भाजपा मंडल की बैठक सहित कई कार्यक्रमों में की शिरकत

# अब आ गया है काम करने का समय: गोपाल शर्मा

बेधड़क | जयपुर

सिविल लाइन विधानसभा के हर कार्यकर्ता को मैं विधायक बनाकर छोडूंगा। उसे सरकारी कार्यालय में वहीं महत्व मिलेगा, जो एक विधायक को मिलता हैं। भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोच्च हैं। कार्यकर्ता के अनुशासन से ही पार्टी चलती हैं, लेकिन अगर कार्यकर्ता को खुद पर घमंड है तो वह गलत हैं। मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं, इससे सर्वोच्च मेरे लिए क्या हो सकता हैं।

यह बात सोमवार को सिविल लाइन से भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने बीजेपी के बनीपार्क मण्डल के कार्यकर्ताओं की बैठक में कही।




उन्होंने कहा कि अभी जो चुनाव गया है, वो कोई सरल चुनाव नहीं था। वहीं आगे आने वाला लोकसभा के चुनाव भी सरल नहीं होगा। हमें सिविल लाइन से भाजपा प्रत्याशी को लाखों वोटों से आगे रखना हैं। बैठक में विधायक गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अब भाषणों का समय जा चुका हैं। अब काम में जुटने का समय आ गया हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति हैं और हम उसी नीति को आगे बढ़ाते हुए काम करेंगे। बैठक में पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी, कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर किया हैं। राम भक्तों ने शपथ ली थी कि मंदिर वहीं बनाएंगे। वह सपना 22 जनवरी को पूरा हो रहा हैं।

#### भारतीय राजनीति में सबके प्रिय थे वाजपेयी



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के मौके पर मनाए गए सुशासन दिवस पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-38 में भी सुशासन दिवस मनाया गया। विधायक डॉ. गोपाल शर्मा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलिअर्पित की गई। इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को राजनीति के अजात शत्रु के रूप में जाना जाता है, जिनका कोई शत्रु नहीं था। वे देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। एक वक्त था जब विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में देश की ओर से प्रतिनिधित्व किया था। ऐसा अनुपम उदाहरण उससे पहले और उसके बाद आज तक देखने को नहीं मिला है।

### ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन समारोह

## 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा सम्मानित



बेधड़क | जयपुर

ब्राह्मण समाज दीपावली स्नेह मिलन समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। पत्रकार कॉलोनी स्थित आनंद महल गार्डन में हुए कार्यक्रम के चीफ गेस्ट गवर्नर कलराज मिश्र थे।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शक्सियतों को सम्मानित किया गया। इस कड़ी में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के वाइस प्रेजिडेंट कार्तिक शर्मा को भी श्रेष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल मिश्र ने ब्राह्मणों को भगवान परशुराम के आदर्शों के अनुगामी बताते हुए राष्ट्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। मिश्र ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए सनातन भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने सदा ही माताओ और बहनों को आगे बढ़ाते हुए मानवता के लिए कार्य किया। इससे पहले सांसद रामचरण बोहरा, विधायक गोपाल शर्मा, प्रशांत शर्मा और मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए उनकी अगवानी की। इस अवसर पर मोती डूंगरी गणेश मंदिर महंत कैलाश शर्मा की उपस्थिति में मौजूद सभी समाजबधुंओं ने भगवान परशुराम की आरती की। इस मौके पर अन्नकूट प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

#### 'जब- जब ब्राह्मण बोला है, राज सिंहासन डोला है'

सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा सोमवार को आयोजित ब्राह्मण समाज के इस स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब-जब ब्राह्मण बोला है, राज सिंहासन डोला है। उन्होंने समाज की एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस बार ब्राह्मणों की एकजुटता का ही यह नतीजा है कि भारी संख्या में ब्राह्मणों को नेतृत्व करने का मौका मिला है।

### ऑन लाइन बाजार से सुविधा, लेकिन ठगी भी बढ़ी

**बेधड़क, जयपुर।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम- 'ई कॉमर्स व डिजिटल ट्रैड के युग मे उपभोक्ता संरक्षण' पर मुख्य अतिथि राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र कच्छावा ने कहा कि वर्तमान ऑनलाइन बाजार से उपभोक्ता को जहां एक ओर चुनने की सुविधा व समय की बचत हुई है वहीं ठगी की घटनाएँ भी बढ़ी हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन खरीद में जागरूक रहने व सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उपभोक्ता हित में उपभोक्ता संगठनों व वकीलों की भी भूमिका की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण पर भारत में वैदिक युग से ध्यान दिया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि ई- कॉमर्स के दौरान भ्रामक विज्ञापनों से बचने के लिए सावधानीपूर्वक खरीदारी की जानी चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने महाराजा सूरजमल को दी पुष्पांजलि



**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को महाराजा सूरजमल के 260वें बलिदान दिवस पर आयोजित पुष्पांजलि सभा में पहुंचे तथा पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल देश के गौरव हैं। उन्होंने देश के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। हमारी सरकार भी महाराजा सूरजमल के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर प्रदेश में सभी को समान अधिकार और सम्मान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, रामस्वरूप लांबा सहित बढ़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे एसएमएस, देखी चिकित्सा व्यवस्थाएं

# अस्पताल में गंदगी देख CM नाराज, अधीक्षक को लताड़ा

- मरीजों से मिलकर कुशलक्षेम पूछी, ड्यूटी से गायब कार्मिकों पर कार्रवाई के निर्देश
- एक नर्सिंग ऑफिसर और दो नर्सिंग कर्मियों को किया निलंबित

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को सवाई मानसिंह अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री सुबह अचानक अस्पताल पहुंचे और अस्पताल में घूमकर वास्तविक हालातों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री के पहुंचने की खबर मिलते ही अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों व नर्सिंगकर्मियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान फोर्थ ग्रेड कर्मियों से लेकर आला चिकित्सा अधिकारियों तक में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। जो लोग उपस्थित थे वो अपने उन सह-कर्मियों को फोन लगाकर बुलाते दिखे जो अपनी सीट से नदारद थे। दरअसल, सीएम भजनलाल जेएलएन मार्ग से बीजेपी कार्यालय पहुंच रहे थे। इस दौरान वे एमएसएस हॉस्पिटल के पीछे की तरफ बांगड़ बिल्डिंग में औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा उस समय हॉस्पिटल में मौजूद नहीं थे। ऐसे में उपाधीक्षक डॉ. अनिल दूबे और डॉ. जगदीश मोदी ही दौड़कर सीएम के पास पहुंचे, लेकिन तब तक सीएम भजनलाल कई वार्डों में विजिट कर चुके थे। इसी दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा मौके पर पहुंचे। सीएम ने उन्हें जमकर लताड़ा। अस्पताल में गंदगी देखकर सीएम जबरदस्त नाराज हुए। उन्होंने डॉक्टर अचल शर्मा से कहा कि ऑफिस में बैठकर काम नहीं होगा। कभी बाहर निकलकर हालात देखे हैं क्या? सीएम ने नदारद रहे चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए भी निर्देश दिए। वहीं कार्मिक विभाग ने देर शाम मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान अनुपस्थित रहे एसएमएस के एक नर्सिंग ऑफिसर और दो नर्सिंग कर्मियों को निलंबित कर दिया।



फोटो: पंकज शर्मा

#### नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल अधीक्षक एवं अन्य चिकित्सा अधिकारियों को नियमित साप्ताहिक मॉनिटरिंग कर अस्पताल परिसर की अच्छी साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए तथा मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए अस्पताल परिसर में बैठने हेतु अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

#### बांगड़ विंग का लिया जायजा

सीएम ने एसएमएस अस्पताल के बांगड़ विंग में जाकर वहां के हालातों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। एक-एक विभाग में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। कुछ जगहों पर रुक-रुककर हाजरी रजिस्टर जांचें तो अस्पताल में पहुंचे मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर हालातों के बारे में जाना। साथ ही, इलाज में आ रही बाधाओं का त्वरित निस्तारण कर उचित चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए। उन्होंने गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), रजिस्ट्रेशन व दवा वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की शुद्धता एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

## राज्यपाल को पुस्तक भेंट

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन मे भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव सिंह राठौड़ एवं बी.शंकारानंद ने मुलाकात की।

राज्यपाल को इस दौरान चांदकिरण सलूजा की लिखी शिक्षा-भारतीय परिपेक्ष पुस्तक भी भेंट की गई। पुस्तक शिक्षा की भारतीय परंपरा के आलोक में लिखी गई है। राज्यपाल ने पुस्तक की सामग्री को उपयोगी बताया।



### चुनाव के बाद पहली बार कार्यालय पहुंचे तो स्वागत को उमड़े लोग

# भारद्वाज से मिल समर्थकों की आंखें नम

बेधड़क | जयपुर

सांगानेर विधानसभा एक बार फिर चर्चा में है। भले ही यहां से चुनाव जीतकर आए भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन गए हैं, लेकिन रविवार को यहां अलग ही नजारा देखने को मिला।

सांगानेर से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज चुनाव परिणाम के बाद पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय पहुंचे तो वहां करीब एक हजार से अधिक लोग उनका इंतजार कर रहे थे। भारद्वाज के आते ही उनकी भावनाएं उफान पर आ गई और उनके कई समर्थकों के आंखों से आंसू झलक पड़े यह देखकर पुष्पेंद्र भारद्वाज भी भावुक हो गए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी भारद्वाज को रोते हुए देख जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर भारद्वाज ने अपने समर्थकों से कहा कि आज भाजपा के लोग भी यह मानने तक को तैयार नहीं है कि पुष्पेंद्र भारद्वाज इतने वोटों से हार सकता है। इससे जाहिर होता है कि हमें कैसे हराया गया है। भारद्वाज ने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि अब सांगानेर से मुख्यमंत्री ही आ गए है तो हमारे द्वारा शुरु किए गए विकास कार्यों को पूरा करने के लिए हमारे द्वारा लिए गए 51 प्रणों को पूरा करेंगें।



हालांकि सांगानेर के लिए ये सौभाग्य की बात है कि यहां के विधायक को मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। हमे मुख्यमंत्री से पूरी उम्मीद है कि सांगानेर रंगाई छपाई उद्योग की समस्याओं का समाधान जल्द होगा। साथ ही टेक्सटाइल पार्क विकसित करने की दिशा में भी कार्य होंगे।






### विनायक शर्मा ने किया लखनऊ ऑफिस का विजिट

**लखनऊ।** 'सच बेधड़क' मीडिया समूह के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने सोमवार को सच बेधड़क के लखनऊ ऑफिस का विजिट किया। इस अवसर पर विनायक शर्मा ने लखनऊ में सच बेधड़क की कमान संभाल रहे समूह प्रतिनिधियों से उत्तर प्रदेश के वर्तमान परिदृश्य व मीडिया से जनता की उम्मीदों से लेकर ग्रुप की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। विनायक शर्मा का लखनऊ कार्यालय स्टाफ ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा।

**फोटो:** सच बेधड़क

### सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

# सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर कार्य करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

बेधड़क | जयपुर

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाई। सोमवार को भाजपा कार्यालय में सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि अब राज बदल गया, प्रदेश में सुशासन आ गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के सपने को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान सरकार सबका साथ सबका विकास योजना पर कार्य करेगी। प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा, इसके लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए है। वहीं भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए अधिकारियों को पाबंद कर दिया गया। इतना ही नहीं, भ्रष्टाचारियों और उनकी सिफारिश करने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी की जीरो टोलरेंस नीति के तहत कार्य किए जाएंगे। ना खाउंगा और ना खाने दूंगा की नीति पर काम होगा, अगर किसी को भ्रष्टाचार करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी होगी और वसूली भी की जाएगी।



#### श्रद्धा सुमन अर्पित

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भाजपा कार्यालय परिसर में अटल जी की चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद रामचरण बोहरा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी, विधायक गोपाल शर्मा, आचार्य बाल मुकुंदाचार्य, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, श्रवण सिंह बगडी, महामंत्री दामोदर अग्रवाल सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### स्वच्छता सप्ताह का किया शुभारंभ

बीजेपी कार्यालय के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने बगरू के अजयराजपुरा में सुशासन दिवस और स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया। वहीं, यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चल रहे कैंप का दौरा किया। सीएम कार्यक्रम के बाद अजयराजपुरा निवासी बाबूलाल डागर के घर पहुंच कर भोजन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगे शिविर तथा भारत सरकार की 17 योजनाओं की विभागवार लगी स्टॉल्स का निरीक्षण किया एवं लाभार्थियों से संवाद किया। सीएम ने कार्यक्रम में उपस्थित राजकीय कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए शपथ दिलवाई। इस दौरान सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कैलाश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अभय कुमार, सचिव रवि जैन, कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

#### वाजपेयी के आदर्शों को जीवन में उतारें: बैरवा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सोमवार को दूदू जिलें में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की उपस्थिति में 'सुशासन दिवस' मनाया गया। उप मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने वाजपेयी के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प और सुशासन की शपथ ली। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने देश के विकास में वाजपेयी के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे आदर्श व्यक्ति का स्मरण आज पूरा देश कर रहा है। हम सब इनके जीवन से सुशासन एवं सेवा का संकल्प लें साथ ही इनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर देश के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने वाजपेयी के किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला।



जरूरी खबर

## तुलसी पूजन कर मनाई पूर्व पीएम वाजपेयी की जयंती



**जयपुर।** बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश मंदिर खंदा पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती एवं तुलसी पूजन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अजय यादव ने बताया कि साधु-संतों जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक खंडेलवाल ने कार्यक्रम में पधारे लोगों को तुलसा का पौधा भेंट किया। पार्षद कुसुम यादव ने विधि विधान से तुलसी माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इस दौरान सांसद रामचरण बोहरा, कनकबिहारी बिहारी मंदिर महंत सियाराम दास महाराज, अमरनाथ महाराज, रवि नैय्यर, चंद्र मनोहर बटवाडा, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, सर्राफा कमेटी अध्यक्ष कैलाश मित्तल, नीरज लुहाडिया, पूर्व शहर अध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव, सोमकांत शर्मा, सोहनलाल तांबी, भारत शर्मा, मोनिका अग्रवाल, विजय शर्मा, संपत जैन, प्रभात शर्मा, पीयूष अग्रवाल, उमेश शर्मा, विष्णु मीणा, योगेश शर्मा, मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आगाज आज से

**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय में मंगलवार को पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। यूनिवर्सिटी की खेल बोर्ड सचिव ने डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर इस वर्ष की मेजबानी दी गई है। 26 से 30 दिसंबरतक आयोजित प्रतियोगिता में भारत के पश्चिमी क्षेत्र राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पुणे, गुजरात राज्यों की लगभग 119 विश्वविद्यालयों की टीमों के 1800 खिलाड़ी, प्रशिक्षक व मैनेजर भाग लेंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो 2022 की रिपोर्ट में खुलासा, मेवात ऑनलाइन फ्रॉड में अव्वल

# लगातार तीसरे साल राजस्थान आर्थिक अपराध में टॉप पर

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर लगातार तीसरे साल आर्थिक अपराध के मामले में देशभर में टॉप पर है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की साल 2022 की जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि राजस्थान आर्थिक अपराध के लिहाज से लगातार तीन साल से देश में टॉप पॉजिशन बना हुआ है। राजस्थान की साइबर क्राइम कैपिटल भरतपुर में कई नेता, अधिकारी फ्रॉड के शिकार हो चुके हैं। गौरतलब है कि साइबर क्राइम के मामले में पहले झारखंड में जामताड़ा फेमस हुआ करता था, लेकिन अब प्रदेश में इस तरह आर्थिक अपराध बढ़ना राजस्थान की बदरंग पहचान बना रहा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा मेवात क्षेत्र से ऐसे अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है।




### 2022 में 1,93,385 मामले हुए दर्ज

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक देश में साल 2022 में आर्थिक अपराध के 1,93,385 केस आए। यह आंकड़ा साल 2021 के मुकाबले 11.1 फीसदी बढ़ा है। वहीं, राजस्थान में साल 2022 में आर्थिक अपराध के 27,848 केस दर्ज हुए हैं, जबकि साल साल 2021 में ऐसे 23,757 और 2020 में 18,528 मुकदमे दर्ज हुए. साल 2021 के मुकाबले 2022 में प्रदेश में आर्थिक अपराध का आंकड़ा 17.22 फीसदी बढ़ा है।

### 25 प्रतिशत मामलों में चार्जशीट

आर्थिक अपराध के लिहाज से भारत का 193 देशों की सूची में 48वां स्थान है, जबकि अगर न्यायिक प्रक्रिया की बात करें तो आर्थिक अपराध से जुड़े महज 25 फीसदी मामलों में ही पुलिस कोर्ट में चालान पेश कर पाई है, जबकि केवल चार फीसदी मामलों में ही कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

### आर्थिक अपराध में ये हैं शामिल

ठगी, चीटिंग और फ्रॉड आर्थिक अपराध में आते हैं। इनमें बैंक, एटीएम, डेबिट कार्ड-क्रेडिट कार्ड और यूपीआई से जुड़े फ्रॉड प्रमुख हैं। इसके साथ ही दस्तावेजों की जालसाजी, जाली नोट से जुड़े मामले, जाली स्टाम्प से जुड़े मामले और रुपए के लेन-देन व प्रॉपर्टी के मामलों में विश्वासघात के मामले भी आर्थिक अपराध में शामिल हैं। ऐसे मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 406 से 409, 231 से 243, 255, 489ए से 489ई और 420, 465, 468 व 471 के तहत दर्ज होते हैं।

### यहां सबसे कम मामले

इससे उलट नगालैंड, सिक्किम और मध्यप्रदेश में आर्थिक अपराध के सबसे कम मामले सामने आए हैं। वहीं, बात अगर शहरों की करें तो आर्थिक अपराध की सबसे ज्यादा घटनाएं प्रदेश की राजधानी जयपुर, लखनऊ और पटना में दर्ज हुई हैं।

शहर में छाया क्रिसमस का उल्लास, एक-दूसरे को दी बधाई

# प्रभु यीशु का किया स्मरण

## मनाई खुशियां, प्रार्थना का चला दौर

बेधड़क | जयपुर

दुनिया को प्रेम, शांति और मेल-मिलाप का पैगाम देने वाले ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस पर्व राजधानी में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर राजधानी के सभी गिरिजाघरों में प्रार्थना सभा हुईं। ईसाई समुदाय द्वारा संचालित स्कूलों में भी विशेष आयोजन हुए। गिरिजाघरों में प्रार्थना सभा के बाद लोगों एक दूसरे के गले लगकर क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। क्रिसमस पर सभी चर्च रंगीन फर्रियों और बल्बों की रोशनियों से जगमग नजर आए साथ गिरजाघरों में यीशु के जन्म को दर्शाती हुई झांकियां सजाई गईं। प्रार्थना में मसीह समाज के लोगों ने घर परिवार में खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। इसके अलावा बीमारों के बेहतर स्वास्थ्य और दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति और दुखी परिवारों के लिए संबल देने के लिए भी प्रार्थनाएं की।जयपुर में भी क्रिसमस के तैयारी पर गिरजाघरों को खास तौर पर सजाया गया। लोगों ने चर्च से लेकर अपने घरों में भी विशेष साज-सज्जा की। घर-घर में क्रिसमस ट्री सजाए और क्रिसमस केक भी काटा गया। ईसाई धर्म के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी ईसा मसीह को याद कर एक-दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाई दी। जगह-जगह सांता क्लॉज छोटे बच्चों को उपहार, चॉकलेट बांटते रहे।

### शहर में लगा जाम

क्रिसमस पर्व और छुट्टी के चलते शहर की सड़कों पर वाहनों के आवागमन से जाम के हालत बने रहे। वहीं पर्यटन स्थलों और होटलों पर लोगों का जमावड़ा लगा रहा। क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक जयपुर पहुंचे हैं। सोमवार को पर्यटक स्थलों और होटल्स में सैलानियों को हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं शहर के मुख्य मॉल्स और होटल्स को भी क्रिसमस की थीम पर सजाया गया।

■ रोशनी से जगमगाए चर्च, उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

■ घर-घर में क्रिसमस ट्री सजाए और केक भी काटा



फोटो: पंकज शर्मा





### चांदपोल में हुआ बड़ा आयोजन

क्रिसमस पर चांदपोल स्थित सेंट एंड्रयूज चर्च में जश्न का माहौल रहा। चर्च के पादरी दीपक बेरिस्टो ने बताया कि गिरजाघरों में विशेष आराधना और सभाएं हुईं। इसमें ईसा मसीह के जन्म के बारे में और उनके जन्म के उद्देश्य को समझाया गया। उन्होंने बताया कि "बाइबल में पढ़ते हैं तो पता चलता है कि वो प्रेम, शांति का संदेश देने स्वर्ग का सिंहासन छोड़ इस पृथ्वी पर आए थे"। देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और प्रदेश के नए सीएम के लिए भी विशेष प्रार्थना की कि वो मानव हित और मानव कल्याण के लिए अच्छा काम करें।

### स्कूलों में हुए कार्यक्रम

क्रिसमस पर सी स्कीम स्थित सेंट जेवियर स्कूल में भी विशेष कार्यक्रम हुए। यहां बच्चों ने इसा मसीह के जन्म दिवस को मनाते हुए केक काटा और एक-दूसरे को बधाई दी। बच्चों ने रंग-बिरंगी ड्रेस पहनते हुए आनंद लिया। घाटगेट स्थित सोफिया स्कूलों में भी क्रिसमस पर्व पर आराधना और उसके बाद प्रार्थना सभाएं हुईं। मसीह समाज के लोगों ने घर परिवार में खुशहाली और शांति के साथ-साथ देश में भाईचारा, शांति और खुशहाली के लिए भी प्रार्थना की।

### रोशनी में नहाया गौरव टावर

मालवीय नगर स्थित गौरव टावर पर भी क्रिसमस से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। न्यू ईयर तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर लोगों में काफी क्रेज दिखाई दिया। क्रिसमस के मौके पर यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

युवतियों के फोटो सोशल मीडिया पर डाले

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी फरार

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में महिलाओं से जुड़े अपराधों का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। सोमवार को भी दो मामले सामने आए हैं। इसमें पहले मामले में जयपुर में बाइक सवार मनचले ने 14 साल की लड़की से सरेराह छेड़छाड़ की। वहीं दूसरे मामले में लड़कियों के ग्रुप फोटो को एडिट कर न्यूड फोटो बनाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया- सांगानेर के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनकी 14 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ की गई। 21 दिसम्बर को सुबह 7:30 बजे वह अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के साथ महात्मा गांधी हॉस्पिटल जा रहे थे। वीएसआई इंटरनेशनल स्कूल के पास टॉयलेट करने के लिए रुक गए। कुछ दूरी पर पत्नी व बेटी रोड किनारे खड़ी थी। इसी दौरान बाइक सवार आया और नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पत्नी और बेटी की आवाज सुनकर चिल्लाते हुए पिता दौड़ा। पिता को आते देखकर बाइक सवार मनचला फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि बाइक सवार मनचले ने भारत गैस एजेंसी की यूनिफॉर्म पहन रखी थी। उसके पास 5 सिलेंडर थे। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इसी तरह गुजरात निवासी 23 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह जगतपुरा में अपनी सहेलियों के साथ किराए पर रहती है। करीब 2 साल से वह सलमान कुरैशी के यहां वेडिंग इवेंट का काम कर रही थी। कुछ समय पहले उसने जॉब छोड़ दी। करीब एक महीने पहले जयपुर आकर शाहरुख भाई के साथ वेडिंग इवेंट का काम करने लगी। इस बात से गुस्साए पूर्व इवेंट संचालक सलमान ने लड़कियों के ग्रुप फोटो को एडिट कर न्यूड वीडियो बनाया और वॉट्सऐप पर भेजा दिया। पुलिस ने शिकायत पर आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भव्य कलश यात्रा निकाली

## श्रीमद् भागवत कथा शुरू



बेधड़क | जयपुर

गोकुल धाम आश्रम, वाटिका रोड पर भव्य कलश यात्रा के साथ श्री मद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आज कथा के प्रथम दिवस पर आचार्य श्री गिरधर गोपाल जी महाराज ने भागवत महात्म्य बताया तथा सद ग्रंथ ही आज के समय में जन मानस को बुरे मार्ग पर जाने से बचा सकता है। इस दौरान कथा में उपिस्थत लोगों ने भजनों का आनंद लिया व शाम को आरती की गई।

## विष्णु शर्मा निर्विरोध बने सचिव

**जयपुर।** राजस्थान राज्य तलवारबाजी संघ ने निर्विरोध विष्णु शर्मा को सचिव बनाया। तलवारबाजी संघ की ओर से चुनाव अधिकारी मंसूर अली, पर्यवेक्षक उदय डोंगरे एवं मनमोहन जैसवाल के सुपर विजन में संघ के चुनाव संपन्न हुए। आम सभा द्वारा निर्विरोध गोहर एफ. के.सूरी को अध्यक्ष एवं विष्णु शर्मा को सचिव के पद पर चुना गया। राज्य तलवारबाजी संघ के आम सभा चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष दाउद खान एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गैस कंपनियों ने अपने मोबाइल एप पर जोड़ा ई-केवाईसी टेब

# अब मोबाइल एप से घर बैठे कर सकेंगे गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी

बेधड़क | जयपुर

रसोई गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। अब उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी के लिए गैस एजेंसियों के चक्कर नहीं काटने होंगे। गैस कंपनियां मोबाइल एप से ई-केवाईसी करेंगी, जिसका ट्रायल अभी जारी है। इसके सफल रहने पर जल्द ही ऑफिशियली घोषणा होगी। दरअसल, देश की दो बड़ी घरेलू गैस कंपनियां इंडेन और भारत गैस ने ई-केवाईसी कार्य ग्राहकों से सीधे ही कराने के लिए अपने-अपने ऑफिशियली एप पर ईकेवाईसी टेब जोड़ा है। इसके लिए उपभोक्ताओं को कंपनी का एप इंस्टॉल करना होगा। साथ में उपभोक्ता को आधार फेस आरडी एप भी इंस्टॉल करना होगा। ई-केवाईसी के लिए अति महत्वपूर्ण फेस रिकग्निशन प्रक्रिया इस एप के बिना पूरी नहीं हो पाएगी। सबसे खास आधार कार्ड के साथ उपभोक्ता का मोबाइल नंबर कनेक्ट होना भी जरूरी है। इसके बिना ई-केवाईसी नहीं हो पाएगी।

गौरतलब है कि देशभर में गैस कंपनियों के माध्यम से अपने उपभोक्ताओं की सही पहचान करने के लिए ई-केवाईसी कार्य करवाई जा रही है। इस कार्य की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर तय की गई है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सिंह गहलोत ने बताया कि अभी एप के ट्रायल रन चल रहे हैं। यह सही तरीके से चलने के बाद ई केवाईसी कार्य एप के माध्यम से हो सकेगा।



### ऐसा रहेगा प्रोसेस

गूगल प्ले स्टोर से इंडियन ऑयल वन एप और आधार फेस आरडी एप मोबाइल में इंस्टॉल करना होगा। इसके बाद अकाउंट लॉगिन कर तीन छोटी लाइनों के ऑप्शन एलपीजी को टच करना होगा। फिर डोमेस्टिक कनेक्शन पर क्लिक कर सबसे पहले लिंक आधार केवाईसी पर क्लिक करना होगा। बाद में आधार नंबर डालते हुए मांगी गई डिटेल भरनी होगी। अपनी फोटो खिंचवाकर आधार कार्ड अपलोड करना होगा। इसके बाद फाइनल डिक्लेरेशन करने पर आपकी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। वहीं भारत गैस के उपभोक्ताओं को हेलो बीपीसीएल एप और आधार फेस आरडी एप फोन में इंस्टॉल करना होगा और वांछित जानकारी देनी होगी।

### यह होगा फायदा

ई-केवाईसी कार्य ऑनलाईन होने से उपभोक्ताओं से घंटों गैस एजेंसियों में लाइनों नहीं लगना पड़ेगा। दूसरी जगह रहने वाला उपभोक्ता कहीं से अपनी ई-केवाईसी कर सकेंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा बीमार व बुजुर्ग उपभोक्ताओं को मिलेगा। वहीं ई-केवाइसी कार्य की आड़ में गैस एजेंसियों की ओर से अवैध वसूली से उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी।

### इन उपभोक्ताओं के लिए जरूरी

गैस कंपनियों की ओर से हालांकि सभी उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी करवाई जा रही है। लेकिन बताया जा रहा है कि यह अभी 31 दिसंबर उज्जवला कनेक्शन धारकों से ई-केवाईसी करवाना जरूरी है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए इस तारीख तक ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य नहीं हैं। उनके लिए आगे भी यह सुविधा जारी रहेगी।

## जरूरी खबर

### पूर्व पीएम वाजपेयी ने देश को दी नई दिशा: इसरानी



**निवाई।** नगरपालिका में सोमवार को अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर इसरानी ने कहा कि अटल बिहारी की जयंती पर आज पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। वे भारत के तीन बार प्रधानमन्त्री बने और देश को नई दिशा दी। उन्होंने देश में सडक योजना लागू कर गांव-ढाणियों को शहरों से जोड़ा। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र चंवरिया, भाजपा नेता परशुराम कुमावत व राजकुमार करनानी ने विचार व्यक्त किए।

### खेत पर पानी के हौद में डूबने से 3 बच्चियों की मौत

**जोधपुर।** फलौदी जिले के लोहावट थाना क्षेत्र में पानी के हौद में डूबने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शैतान सिंह नगर के गांव में कृषि फॉर्म पर पाली के कुंभाराम मेघवाल का परिवार कृषि कार्य करता है। सोमवार को कुंभाराम की बहन व तीन बेटियां खेलती हुई पड़ोसी के खेत में पहुंच गईं। वहां पानी के हौद के पास खेलते वक्त पैर फिसलने से संध्या (10), दीपिका (8) और बबलू (7) पुत्री भगवानराम मेघवाल पानी में डूब गईं। इस दौरान एक और बच्ची साथ थी। उसने परिजनों को जानकारी दी।

### SBI का एटीएम उखाड़ा, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**टोंक।** जिले के दूनी में घाड़ थाना क्षेत्र के भरनी ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को रविवार रात चोरों ने उखाड़ कर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन, वे इसमें नाकाम रहे। माना जा रहा है कि संभवत जाग होने से चोरे उखाड़े गए एटीएम को छोड़ भाग छूटे। इसका पता सोमवार सुबह लोगों को लगा तो वे हैरान रह गए। बाद में घाड़ थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। पूरी घटना सीसी टीवी में कैद हो गई। चोरी करने चार पांच जने आए थे। वे एटीएम मशीन ले जाने के लिए बोलेरो कैंपर गाड़ी लेकर आए थे। सुबह राहगीरों को एटीएम नीचे पड़ा हुआ और कांच टूटे दिखे तो पुलिस को सूचना दी।

**पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र,** उदयपुर के 'शिल्पग्राम उत्सव' में झलकी कई लोक संस्कृतियां

# उत्तर-पूर्व के लोक नृत्यों में कृष्ण भक्ति के रंग

## मणिपुर के बसंत रास में गोपाल ने किया राधा एवं गोपियों के साथ रास

**बेधड़क** | उदयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से आयोजित 'शिल्पग्राम उत्सव' में सोमवार को पांचवें दिन जहां देश के उत्तर-पूर्व के राज्यो की सांस्कृतिक छटा बिखेरी, वहीं गोवा दिवस को समर्पित इस शाम को गोवा के कलाकारों ने और हसीन बना दिया।

बहरहाल, नार्थ-इस्ट इंडिया की प्रस्तुतियों से वहां भी श्रीकृष्ण के प्रति लगाव, उनके प्रेम के लिए समर्पण और उनकी विभिन्न लीलाओं के लिए उतनी ही श्रद्धा प्रतिबिंबित हुई, जितनी वृंदावन, मथुरा और समूचे उत्तर भारत में है। जब स्टेज पर रास के लिए श्रीकृष्ण आए और बैक ग्राउंड से उनके कुंज वन में रास के लिए आने के संगीतमय बोल सुनाई दिए तो मुक्ताकाशी मंच की दर्शकदीर्घाएं ही नहीं, समूचा शिल्पग्राम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जब कृष्ण एकल नृत्य करते हुए राधा और गोपियों का इंतजार करने लगे, तो उनकी भाव-भंगिमाएं इतनी आकर्षक रहीं कि दर्शक उनकी एक-एक अदा पर वाहवाही कर उठे।

फिर, जब लाड़ली किशोरी राधा के संग गोपियां कुंज वन में पहुंची तो श्रीकृष्ण उमंग और उत्साह में भरे हुए उनके साथ रास रचाने लगे। गोपाल और गोपियों के इस रास नृत्य का हर स्टेप इतना सुंदर और पावन था कि कई श्रद्धालु दर्शक भावविभोर होकर हरे कृष्ण, राधे-राधे करने लगे। दरअसल, यह 'बसंत रास' मणिपुर में बसंत पूर्णिमा को परफॉर्म किया जाता है और इसमें राधा एवं गोपियां श्रीकृष्ण के बांसुरी वादन की प्रशंसा करती है और रास रचाती हैं। राधा के साथ कृष्ण के मिलन के साथ यह रास पूर्ण होता है। लब्बो लुआब यह कि युवा और सांस्कृतिक गतिविधि केंद्र (सीवाईसीए), इम्फाल, मणिपुर की इस प्रस्तुति ने वातावरण भक्तिमय बना दिया।



**इन्होंने किया परफॉर्म**

इस 'मणिपुरी रास' में इबोमचा मैतई के निर्देशन में बिद्याशोरी देवी ने श्रीकृष्ण और जोशिता चानू ने राधा की भूमिका में रास किया। इनके साथ ही लैरेल्लाकपम सनातोम्बी देवी, सनाथोई लैरेल्लाकपम, कोंथोजम विक्टोरिया देवी, लुसी अकोइजम, निंगोंबम जोनिबाला देवी, सुंदम जलिश गोपियां बनी और कॉस्ट्यूम डिजाइनर वांखेम धनंजय सिंह रहे।

## असम की सत्रिया नृत्य नाटिका में कृष्ण की लोमहर्षक लीला



असम के सत्रिया लोक नृत्य में भी भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मंच पर जीवंत हुईं। इस नयनाभिराम और मनमोहक नृत्य नाटिका में जहां गोप बालकों के साथ खेलते हुए गेंद यमुना में चली गई तो उन्होंने जाकर निकाली थीं। इस प्रसंग का पुनःस्मरण कराते हुए कुशल डेका के निर्देशन में असम के ग्रुप ने उम्दा परफोरमेंस दी। इस प्रस्तुति में कथक आधारित नृत्य नाटिका में श्रीकृष्ण का यमुना में गेंद लाने के बहाने कूदना और कालिया नाग का वध करना बहुत ही शानदार भावाभिव्यक्ति के साथ प्रदर्शित किया गया। वहीं, किशोरवय श्रीकृष्ण के मथुरा जाने और वहां कंस को द्वंद युद्ध में पराजित करने का प्रसंग भी मंच पर सजीव हुआ। इस लोक नृत्य के आरंभ में इस नृत्य के रचयिता संत माधवदेव का नाम घोष की प्रस्तुति दी गई। फिर, 'राजघरिया चलि नृत्य' प्रस्तुत किया गया, जिसमें पाद-क्रिया और ताल, ठुकानी और सूता ताल जैसे तालमय तत्वों का खूबसूरत प्रदर्शन किया गया।

### इन कलाकारों ने दी मनोहारी प्रस्तुति

ट्रिनायन संगीत महाविद्यालय, गुवाहाटी की इस भावपूर्ण नृत्य नाटिका में राष्ट्रीय सत्रिया शिल्पी पुरस्कार विजेता और ट्रिनायन कॉलेज प्रमुख गुरु कुशल डेका के निर्देशन में उनके साथ डॉरोथी एंजेला कश्यप, लिजा डेका, परिस्मिता कलिता, मधुस्मिता बैश्य, मयूरी चौधरी, निहार प्रतिम नाथ, और बॉबी मजूमदार ने परफॉर्म किया।



### रास लीला का सुपर फ्यूजन

अंत में उत्तर पूर्व के दोनों ग्रुप को सामूहिक पेशकश रास लीला ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस प्रस्तुति में राधा-कृष्ण और गोपियों ने रास के सौंदर्य का आभास कराया।

### सभी आर्टिस्ट सम्मानित

दोनों ग्रुप के तमाम आर्टिस्ट को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता और अतिथियों ने पोर्टफोलियो दे शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

गोवा दिवस पर शिल्पग्राम में बिखरे गोवा की संस्कृति के रंग

## निराकारा देवा तू खेळ खेळे ला...

शिल्पग्राम उत्सव में सोमवार की शाम गोवा के नाम रही। इसे 'गोवा दिवस' के रूप में आयोजित किया गया। इसमें एक से एक शानदार प्रस्तुतियों से गोवा की लोक संस्कृति मुक्ताकाशी मंच पर उतर आई। गोवा के लोक कलाकारों का संगीत और नृत्यमय गणेश वंदना के बाद गोवा के धनगर समाज के लोक नृत्य ने दर्शकों को खूब रिझाया। मूसल डांस में मूसल के इर्द-गिर्द 'कुडलेन खेळ वहिता मूसळा सो...' गीत पर शानदार प्रस्तुति दी। इसी तरह फुगड़ी डांस में प्रथम पूज्य गणपति की अर्चना 'गणपति देवा करी न पूजी सेवा, नवस करी न रे...' पर कर वातावरण गणपतिमय बना दिया। इसके साथ ही वीरभद्र नृत्य में 'ता थैया...' गीत पर नृत्य कर



वीरभद्र को रिझाया। वहीं, 'आक्या चा ताड़ा, सुकिल्या वाळा...' पर खूबसूरत कुनबी नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों के मंत्रमुग्ध कर दिया। तो, 'निराकारा देवा, तू का खेळ खेळे ला...' पर सुंदर भावपूर्ण परफोरमेंस दी। अंत में इन सभी आठ लोकनृत्यों का मिश्रण यानी फ्यूजन पेश किया गया, तो तमाम सामयीन ने खूब तालियां बजाई।

**फड़ कला महिला कार्यशाला संपन्न**

शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच के पास तीन दिवसीय महिला फड़ कार्यशाला सोमवार को संपन्न हुई। इसमें 30 प्रतिभागी महिलाओं ने अपनी कला को सिद्धहस्त गुरुओं छीतरमल जोशी और हेमंत जोशी से प्रशिक्षण प्राप्त कर निखारा। वहीं कई युवतियों ने इस कला का बेस और बारीकियां सीखी। समापन के अवसर पर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता और कला एवं संस्कृति निदेशालय गोवा के निदेशक, सगुन आर. वेलिप ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

**राजस्थान में लगातार** दूसरे दिन ट्रेन हादसा

## पटरी से उतरी अजमेर-सियालदाह ट्रेन

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान में लगातार दूसरे दिन ट्रेन हादसे का मामला सामने आया है। जोधपुर-पालनपुर पैसेंजर ट्रेन के बाद अब अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस बेपटरी हो गई। अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतर जाने से रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

हालांकि, गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। क्योंकि हादसे के वक्त ट्रेन में यात्री सवार नहीं थे और ट्रेन यार्ड में खड़ी हुई थी। हादसा अजमेर के मदार रेलवे यार्ड पर उस वक्त हुआ, जब सुबह अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन में साफ-सफाई व अन्य सुरक्षा



इंतजाम जांचे जा रहे थे। तभी सुबह करीब 8 बजे सेफ्टी के लिए ब्रेक रीलीज के दौरान ट्रेन ट्रेक रोल ओवर हो गई और और चार खाली डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। वहीं, रेल कर्मचारी डिब्बों को वापस पटरी पर चढ़ाने में जुटे हुए है। इससे पहले बालोतरा के समदड़ी रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात जोधपुर-पालनपुर पैसेंजर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसके चलते ट्रेन संख्या 14893 समदड़ी-पालनपुर के बीच आंशिक रूप से रद्द रही।

**फैली दहशत:** अलवर में प्याज व्यापारी से दिनदहाड़े लूट

## बंदूक की नोक पर लूटे सात लाख रुपए

**बेधड़क** | अलवर

जिले में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक प्याज व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम दिया। तीन नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी के सिर पर देसी कट्टे से वारकर उसकी स्कूटी छीनी और फरार हो गए। स्कूटी में 7.34 लाख रुपए थे। यह घटना पुलिस थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई।

दिनदहाड़े व्यापारी से लूट की वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई। व्यापारी से लूट की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों का पीछा किया, लेकिन बदमाशों का कोई



सुराग नहीं लग पाया। फिलहाल, पुलिस आस-पास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। यह घटना अलवर के एनईबी पुलिस थाना के समीप सानिया हॉस्पिटल के पीछे वाले रास्ते में सोमवार सुबह 10 बजे की है। अलवर की सब्जी मंडी के प्याज व्यापारी रामस्वरूप ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर से निकले। उनके पास स्कूटी थी, जिसमें 7.34 लाख रखे हुए थे और किसी को पेमेंट करना था। दो दिन पहले ही उन्होंने पेमेंट के लिए बैंक से 20 लाख रुपए निकलवाए थे। सोमवार सुबह घर से निकले तो नाला पार करते ही एक बाइक पर तीन नकाबपोश बैठे हुए थे। जैसे ही वह उनके पास से निकले तो उन्होंने व्यापारी को रोक लिया और स्कूटी छीनने का प्रयास किया। जब व्यापारी ने विरोध किया तो बदमाशों ने जेब में रखा देसी कट्टा निकाला और व्यापारी सिर में वार कर दिया। इसके बाद तीनों बदमाश व्यापारी को धक्का देकर स्कूटी छीन कर फरार हो गए।

**अजमेर में थाने में घुसी बेकाबू बस**

# कहीं तेज रफ्तार, तो कहीं कोहरे से हादसों ने छीनी आठ लोगों की जिंदगी

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित बस ने सड़क से गुजर रहे कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एक महिला और पुरुष गंभीर घायल हो गए। हादसे के सभी घायलों को इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल भिजवाया।

बताया जा रहा है कि बस के ब्रेक फेल होने के बाद अनियंत्रित होकर बस ने विपरीत दिशा में आकर कई श्रद्धालुओं को कुचल दिया। मरने वाले तीनों लोग रास्ते में पैदल चल रहे थे। हादसा अजमेर के नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र के राजगढ़ चौकी के पास दोपहर करीब तीन बजे हुआ। हादसे के बाद मौके



पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में भावर लाल पुत्र सुंदर लाल निवासी ढाणी लक्ष्मीपुर खरेड़ा टोंक और कमलेश कुमार पुत्र मांगीलाल खटिकों का मोहल्ला राजगढ़ जिला अजमेर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं लालसिंग पुत्र जोरसिंह (60) निवासी पाली और निशा पत्नी रामावतार निवासी अलवर घायल हो गए। घायलों को जेएलएन हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। एएसपी सिटी महमूद खान ने बताया कि मसाणिया राजगढ़ भैरव धाम में स्थापना दिवस मनाया जा रहा था, जिसके कारण श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए पहुंची थी। इसी दौरान एक निजी बस अनियंत्रित होकर पुलिस चौकी में जा घुसी और वहां बैठे यात्रियों को कुचल दिया।

### काल बना कोहरा, 3 की मौत

**बाड़मेर।** जिले में सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दो वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-68 पर धोरीमन्ना टोल प्लाजा के पास हुई। तनोट माता मंदिर (जैसलमेर) से दर्शन कर लौट रहे गुजरात के चार दोस्तों की कार सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दूसरे वाहन से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों युवक कार में फंस गए। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। धोरीमन्ना थाने के हेड कांस्टेबल केशाराम ने बताया कि मृतकों की पहचान विष्णु (50), जितिन (48) और जिग्नेश कुमार (50) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने चारों युवकों को धोरीमन्ना अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि तीनों अहमदाबाद के रहने वाले थे। हादसा इतना भीषण था कि चारों युवक कार में फंस गए।

### कार-बाइक की टक्कर में दो चचेरे भाइयों की मौत, एक घायल

**प्रतापगढ़।** जिले में रविवार रात भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें तेज रफ्तार एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। वहीं एक भाई गंभीर घायल हो गया। यह घटना प्रतापगढ़ जिले के धरियावद थाना क्षेत्र में पंचाकूड़ा गांव के पास रविवार शाम 7 बजे की है। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं हादसे के बाद तीनों युवकों को लहूलुहान हालत में राहगीरों ने धरियावद अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हे जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। जिसमें से दो भाइयों की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि तीसरे भाई का अस्पताल में इलाज चल रहा है। धरियावद थानाधिकारी पेशावर खान ने बताया कि धरियावद के बड़गांव निवासी मोहन (24) पुत्र खातू मीणा, सुनील (20) पुत्र सुखा मीणा और पप्पू (17) पुत्र रखमां मीणा तीनों बाइक पर सवार होकर मोहन की ससुराल आरामपुरा जा रहे थे। इस दौरान शाम 7 बजे आरामपुरा से 10 किमी पहले




पंचाकूड़ा गांव के पास बांसी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान घायल पप्पू की रविवार देर रात मौत हो गई वहीं मोहन ने सोमवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं घायल सुनील का अस्पताल में इलाज जारी है।

### एनसीसी राजस्थान के एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने किया तैयारी का निरीक्षण

# कड़े अनुशासन में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास कर रहे कैडेट्स

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान निदेशालय एनसीसी के उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने गांधीनगर स्थित एनसीसी कॉम्प्लेक्स में चल रहे डीसी शिविर में गणतंत्र दिवस परेड, प्रधानमंत्री रैली 2024 के लिए की जा रही तैयारी का निरीक्षण किया। राजस्थान निदेशालय की ओर से यह शिविर जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में चल रहा है। कर्नल वीरेंद्र कुमार ने उपमहानिदेशक सत्येंद्र शर्मा का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।



मीडिया कोऑर्डिनेटर नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि आरडीसी के लिए चयनित एनसीसी के सीनियर डिवीजन कैडेट्स ने उप महानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा को गार्ड ऑफ ओनर प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने राजस्थान निदेशालय की आरडीसी टीम के कैडेट्स के कवायद, गार्ड आफ ऑनर, बेस्ट कैडेट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एनआईए आदि के प्रेजेन्टेशन को देखा। सत्येन्द्र शर्मा ने अपने भाषण में कैडेट्स को आगामी गणतंत्र दिवस परेड पर प्रधानमंत्री रैली 2024 में भी राजस्थान की ओर से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और नई दिल्ली में कर्तव्य पथ परेड प्रधानमंत्री रैली के दौरान राजस्थान राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



#### एनसीसी दिनों को किया याद

उन्होंने उसी स्थान पर आरडीसी कैंप के अपने दिनों को याद किया तथा चल रहे शिविर के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों और कैडेट्स के प्रयासों की भरपूर सराहना की। उन्होंने राजस्थान निदेशालय के उच्च अधिकारियों, चारों ग्रुप मुख्यालयों के साथ-साथ जयपुर ग्रुप मुख्यालय के अधीन आने वाली सभी बटालियन के कमान अधिकारियों, सहयोगी एनसीसी अधिकारियों एवं स्टाफ से मुलाकात की। उप महानिदेशक ने कैडेट्स से कहा कि मैं स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहते हुए इस मुकाम पर पहुंचा हूं और अपने आप को आप सबके बीच पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## Yuva स्टोरीज



### बच्चों के टैलेंट से मंच पर उतरी संस्कृति

**जयपुर।** भारतीय संस्कृति की झलक मंच पर देखने को मिली तो दर्शक अभिभूत हो गए। मौका था रविंद्र रंगमंच पर आयोजित किड्स क्लब स्कूल मानसरोवर के 20वें वार्षिकोत्सव 'कल्चरल कलाइडोस्कोप-2023 का। कार्यक्रम में नन्हें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां से रंग जमाया। कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति की झलक देखने को मिली। स्कूली बच्चों ने देश के दक्षिण से लेकर पूर्व तक की संस्कृति को मंच पर साकार किया। साथ ही सामाजिक संदेश देने वाली प्रस्तुतियां भी दी गईं। किड्स क्लब स्कूल के चैयरमैन टीसी पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। स्कूल डायरेक्टर मोनिषा पाठक, ऋषि गौरव और लवीना ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। डीजीपी उमेश मिश्र ने स्टूडेंट्स को लक्ष्य पर फोकस के साथ आगे बढ़ने का हौसला दिया। उन्होंने कहा कि यदि स्टूडेंट लाइफ में बच्चे ईमानदारी से पढ़ाई करेंगे तो उनका भविष्य भी सुनहरा होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी शामिल हुए।




### बच्चों ने दिया अच्छी आदतें अपनाने का संदेश

**जयपुर।** हर इंसान में अनंत संभावनाएं होती हैं, लेकिन सफलता के लिए उन्हें खोजने की मेहनत करनी पड़ती है। दि गोईंग किड्स स्कूल सांगानेर के एनुअल फंक्शन में विद्यार्थियों ने अपने सपनों को पूरा करने की महत्ता को सशक्त रूप से दर्शाया। 'अच्छी आदतें' थीम पर आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ णमोकार मंत्र व नृत्य के माध्यम से किया गया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने जीवन में अच्छी आदतें अपनाने का संदेश दिया। लिखे जो खत तुझे..., मेरा वाला डांस..., गलती से मिस्टेक..., मैं निकला गड्डी लेकर... जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां देकर नन्हे बच्चों ने कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान प्रिंसिपल ऋचा जैन और राजस्थान यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. आशा जैन सहित स्कूल स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।



### स्टूडेंट्स ने दिखाई स्पोर्ट्स स्किल्स

**जयपुर।** राजावास स्थित एन के पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने अपनी स्पोट् र्स स्किल्स का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता 'चक्रव्यूह' की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक डॉ. एनसी लुनायच, पार्षद दिनेश कांवट, विशिष्ट अतिथि चंद्रभान अवाना व निदेशक कुलदीप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने एक्टिविटीज में सहभागिता की और खेल कूद के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने रंगा-रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। मार्शल आर्ट, ड्रिल डांस, क्रिशमस डांस, बैंड वादन आदि के प्रदर्शन से स्टूडेंट्स ने स्कूल परिसर में समां बांध दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन, अंग्रेजी के रस्टिक फ्रॉस्ट क्लब के हेमांग जांगिड़, पिनाक शर्मा आदि ने किया। अंत में बेहतरीन परफोर्मेंस देने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

### MNIT एल्युमिनी का गोल्डन जुबली समारोह

# पचास साल पुरानी यादों से आबाद हुआ कैंपस




**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआईटी) के 50 साल पुराने स्टूडेंट्स ने अपने जमाने की कैंपस की यादें साझा कीं तो हर कोई रोमांच से भरा नजर आया।

मौका था एमएनआईटी की जयपुर एल्युमिनी एसोसिएशन की ओर से मनाए गए एल्युमिनी डे का। इस अवसर पर संस्थान के वर्ष 1973 बैच के विद्यार्थियों की गोल्डन जुबली के साथ ही 1999 बैच के आर्किटेक्ट ब्रांच के पासआउट और 1998 बैच के अन्य ब्रांच के पास आउट विद्यार्थियों की सिल्वर जुबली मनाई गई।

कैंपस के सेंट्रल लॉन में मनाए गए एल्युमिनी डे समारोह में देश-विदेश से पधारे करीब 250 एलुमिनी स्टूडेंट्स को मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में एमएनआईटी के निदेशक प्रो. एन.पी. पाढी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर एमएनआईटी जयपुर एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष देवराज सोलंकी के अलावा जनरल सेक्रेटरी राकेश कुमार, वाइस प्रेसिडेंट टीएस राणावत एवं चंद्रभान चुघ, एकेडमिक सेक्रेट्री डॉ. मनोज गुप्ता, फाइनेंस सेक्रेट्री प्रहलाद कुमार जाट, कल्चरल सेक्रेट्री शिव शंकर, डॉ. आशीष दत्त शर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी सुमेर सिंह व महेंद्र प्रसाद मीणा विशेष तौर पर मौजूद थे। एल्युमिनी डे समारोह के प्रातःकालीन सत्र में सुबह 9 बजे गोल्डन एवं सिल्वर जुबली बैच के सभी पूर्व विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद मंच पर मुख्य अतिथि एमएनआईटी के डायरेक्टर प्रो. एनपी पाढ़ी, डीन (एल्यूमिनी अफेयर्स) प्रो. राकेश जैन, एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष देवराज सोलंकी एवं अन्य विशिष्टजनों ने संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

#### बीते पलों की यादों से आंखें हुई नम

एल्युमिनी मीट में देश एवं दुनिया के विभिन्न शहरों से आए पूर्व स्टूडेंट्स ने एक दूसरे के गले लगकर संस्थान में बिताए पलों को जीवंत किया। किसी ने ग्रुप फोटोज खिंचवाए तो कहीं पुराने दोस्तों के साथ हंसी-ठहाकों का दौर चला। सेंट्रल लॉन में बनाए गए स्पेशल सेल्फी जोन में सभी ने ग्रुप फोटो सेशन भी करवाया। पुरानी यादों को संजोते हुए कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा गोल्डन जुबली और सिल्वर जुबली बैच के विद्यार्थियों की पुरानी फोटोज, कॉलेज की पुरानी फोटोज का कोलॉज प्रदर्शित किया गया था, जहां बीते समय को याद कर सब अभिभूत हो गए। लंच के बाद कॉलेज के हॉस्टल, लैक्चर थिएटर एवं लैब की विजिट की गई, जहां पूर्व विद्यार्थियों ने एमएनआईटी कैम्पस में हुए नवीन विकास कार्यों की जानकारी ली। कार्यक्रम के बाद रात को सेंट्रल लॉन में हुई कल्चरल नाइट में एमएनआईटी के वर्तमान स्टूडेंट्स के साथ गोल्डन तथा सिल्वर जुबली बैच के स्टूडेंट्स ने अपने डांस और गायन की रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।



### फ्रेशर पार्टी में बिखरे उल्लास के रंग

## उत्साह से भरे फ्रेशर्स का सीनियर्स ने किया स्वागत

**बेधड़क** | जयपुर

कालवाड़ रोड स्थित बियानी कॉलेज ऑफ सांइस एंड मैनेजमेंट में सोमवार को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में कॉलेज के नए स्टूडेंट्स का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गर्ल स्टूडेंट्स राजस्थानी पोषाक में सजधज कर पहुंची तो राजस्थानी संस्कृति के रंग साकार हो उठे। बॉय स्टूडेंट्न ने भी पारंपरिक राजस्थानी परिधानों के साथ इस माहौल में चार चांद लगाए। इस अवसर पर कॉलेज के सीनियर्स ने फ्रेशर्स का स्वागत मस्ती और जोश के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. संजय बियानी, डॉ. ज्ञान सिंह गोठवाल व प्रिंसिपल डॉ. अजीत कुमार जैन थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। पार्टी के दौरान रैंप वॉक, टैलेंट शो, गेम्स आदि का आयोजन किया गया जिनमें स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में दो सौ से अिधक स्टूडेंट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। करीब 80 स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक व टैलेंट शो में अपनी प्रतिभा से चार चांद लगाए।

## कार्निवाल मे दिखी स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी



**जयपुर।** सिरसी रोड स्थित ऑरोबिंदो इंटरनेशनल स्कूल में तीसरे विंटर कार्निवाल का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर दिशा और उमंग संस्था की ओर से भी मेले में विभिन्न कलाकृतियां प्रस्तुत की गई। मेले में स्टेम लेब द्वारा चंद्रयान-3 नाटक की विशेष प्रस्तुति हुई। स्टूडेंट्स ने विभिन्न स्टॉल्स पर अपने क्रिएटिव वर्क से विजीटर्स को खासा प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को फ्रिज, वाशिंग मशीन, साइकिल और इलेक्ट्रिक आईटम उपहार में दिए गए। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक डॉ. भारत पाराशर, सह निदेशक शालिनी पाराशर और प्रिंसिपल करुणा नागपाल ने विभिन्न स्टॉल्स का दौरा किया और स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी की तारीफ की। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल दिबाकर चंद्रा ने भी स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाया।

### KV एडमिशन | एक याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला

# दूसरे राज्य से जारी आय प्रमाण पत्र अब नहीं बनेगा बाधा!

**बेधड़क** | नई दिल्ली (एजेंसी)

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय विद्यालय (केवी) में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में दाखिले के लिए आय प्रमाण पत्र उचित प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए न कि उस राज्य सरकार की ओर से, जहां स्कूल स्थित है।

उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि केवीएस इस आधार पर ईडब्ल्यूएस श्रेणी में किसी छात्र को दाखिला देने से इनकार नहीं कर सकता है कि आय प्रमाण पत्र दिल्ली सरकार के बजाय दूसरे राज्य से हासिल किया गया है।हाइकोर्ट के इस फैसले के बाद केंद्रीय विद्यालयों में दूसरे राज्यों के आय प्रमाण पत्र धारक




विद्यार्थियों का प्रवेश आसान हो सकता है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अधिसूचित किया है कि सभी प्रासंगिक दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक सत्यापित करने और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद, इस उद्देश्य के लिए प्रमाण पत्र राज्य में कम से कम तहसीलदार स्तर के अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि इसका तात्पर्य यह है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत देश में कहीं भी केवी में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को उस राज्य सरकार से जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं है जहां स्कूल स्थित है, लेकिन ऐसा प्रमाणपत्र उस राज्य में निर्दिष्ट रैंक के अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है जहां ऐसा सत्यापन संभव है।

#### आजमगढ़ के व्यक्ति ने लगाई थी याचिका

उच्च न्यायालय ने यह बात आजमगढ़ के एक व्यक्ति की याचिका स्वीकार करते हुए कही जिसमें केवीएस (दिल्ली क्षेत्र) को उसके बेटे को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत राष्ट्रीय राजधानी के केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। उसे दाखिला देने से इनकार करने के लिए अधिकारियों ने 3 जनवरी 2022 को जारी पत्र को रद्द कर दिया था। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के मूल निवासी याचिकाकर्ता ने शुरू में अपने बेटे के लिए ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत पहली कक्षा में प्रवेश की मांग की थी। उन्होंने कहा कि वह नौकरी के लिए दिल्ली आ गए और चाहते थे कि उनके बेटे को राष्ट्रीय राजधानी के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला मिले। मुकदमेबाजी के दौरान काफी समय बर्बाद हुआ, इसलिए अदालत ने उसे तीसरी कक्षा में प्रवेश देने का आदेश दिया गया है। उन्हें ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र आज़मगढ़ के एक तहसीलदार द्वारा जारी किया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि जिस आधार पर केवीएस ने याचिकाकर्ता के बच्चे का प्रवेश खारिज किया गया है, यानी ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त किया गया है न कि दिल्ली सरकार से, वह अस्वीकार्य है।"

# सरसों के तेल पर प्रतिबंध साजिश का हिस्सा



डॉ. मनोज मुरारका
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सरसों के तेल में काफी पोषक तत्व होते हैं, जिसकी वजह से खाने में सरसों के तेल का ही इस्तेमाल करना बेहतर होता है। खाने के अलावा सरसों का तेल स्किन और बालों पर लगाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सरसों के तेल में भी पीली सरसों का तेल सबसे फायदेमंद होता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इतने फायदों के बाद भी सरसों का तेल कुछ देशों में बैन है। सरसों के तेल पर अमेरिका में बैन लगा हुआ है।

वहीं यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भी सरसों के तेल पर बैन है। यहां खाने में सरसों के तेल के प्रयोग की सलाह नहीं दी जाती है। अमेरिका और यूके में सरसों का तेल बिकता तो है, लेकिन इसे सिर्फ फॉर एक्सटर्नल यूज ओनली के मार्क के साथ बेचा जाता है। इसका मतलब है कि सरसों के तेल को सिर्फ खाया नहीं जा सकता है, बल्कि स्किन आदि के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट (एफडीए) ने सरसों के तेल पर बैन इरुसिक एसिड की वजह से लगाया है। दावा किया जा रहा है कि सरसों के तेल में ये एसिड होता है, जिससे इस पर बैन लगाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक इंसानों पर इसकी रिसर्च नहीं की गई है और चूहों पर होने वाले असर को लेकर ये फैसला लिया गया है। दावा है कि इरुसिक एसिड एक प्रकार का फैटी एसिड है, जिसका अधिशेष मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। इसका मेटाबॉलिज्म सही ढंग से नहीं हो पाता और यह वसा का संचय बढ़ा सकता है। इसके अलावा इस एसिड को मानसिक विकारों और स्मृति हानि से भी जोड़ा जा रहा है। अब बात करते हैं भारत और उसके वैज्ञानिकों की। भारतीय विशेषज्ञों की राय अमेरिका के एक्सपर्ट से अलग है। उनका मानना है कि सरसों का तेल रामबाण औषधि है। इसका उपयोग खाने के अलावा शरीर और बालों पर लगाने तथा दवाओं में भी किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि हमारे यहां सरसों का तेल लगभग हर घर में इस्तेमाल किया जाता है। यह न सिर्फ स्वादिष्ट है, बल्कि गुणकारी भी है। यह कई तरह की बीमारियों से बचाव में भी अपना अहम योगदान देता है। उनका कहना है कि सरसों के तेल का इस्तेमाल कुकिंग के लिए रोजाना किया जाए तो भी कोई दिक्कत नहीं है। सरसों के तेल के सेवन से हेल्थ को किसी तरह का नुकसान नहीं होता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि मौजूदा समय में ज्यादा से ज्यादा लोग सरसों के तेल के विकल्प को बेहतर मानते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि रोज सरसों के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे पकाने के लिए सुरक्षित तेलों में से एक माना जाता है। इसका स्वाद बहुत अच्छा होता है और इसमें कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी मौजूद हैं। हालांकि सरसों के तेल से कुकिंग करते वक्त उसके स्मोकिंग पॉइंट और पौष्टिक लाभ का ध्यान रखें।

> *विशेषज्ञ कहते हैं कि रोज सरसों के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे पकाने के लिए सुरक्षित तेलों में से एक माना जाता है। इसका स्वाद बहुत अच्छा होता है और इसमें कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी मौजूद हैं। हालांकि सरसों के तेल से कुकिंग करते वक्त उसके स्मोकिंग पॉइंट और पौष्टिक लाभ का ध्यान रखें।*

स्मोकिंग पॉइंट यानी आप किस तापमान में सरसों के तेल का कुकिंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि कई अन्य तेलों की तुलना में सरसों के तेल का स्मोकिंग पॉइंट कम होता है। सरसों के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैट पाया जाता है। यह हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। इसके अलावा सरसों के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड भी पाया जाता है। यह हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालता है। सरसों के तेल में विटामिन-ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। यह शरीर में आई सूजन को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं। एंटीऑक्सीडेंट्स कई तरह की शारीरिक समस्याओं से छुटकारा दिलाने में अपना योगदान देते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सरसों के तेल में तमाम औषधीय गुण होते हैं। यह एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी वायरल होता है। यह शरीर को टॉक्सिन से छुटकारा दिलाता है। दर्द और सूजन कम करता है। अगर किसी को जोड़ों में दर्द हो तो कपूर के साथ गर्म कर सरसों का तेल लगाने पर दर्द तेजी से दूर हो जाता है। सरसों का तेल हेल्दी बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद है, इसलिए इसे सबसे सुरक्षित माना जाता है। गांव हो या शहर, लोग इसके इस्तेमाल की ही सलाह देते हैं। डॉक्टर भी ज्यादातर सरसों के तेल का उपयोग करने के लिए कहते हैं। यही वजह है कि भारत के लगभग हर घर में यही तेल खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होता है। सरसों के तेल को हजारों सालों से इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके कारण इसकी प्रासंगिकता आज भी बरकरार है।

विशेषज्ञों का दावा है कि कुछ देशों में सरसों के तेल पर प्रतिबंध लगाना एक साजिश का हिस्सा है। ये देश भारत के सरसों के तेल की लोकप्रियता को पचा नहीं पाते। भारत में भी कई बार सरसों के तेल को बैन करने के मामले सामने आए, जो बाद में विदेशी षड्यंत्रों का नतीजा निकले। असल में यह सारी कहानी बाजार की लड़ाई है। सरसों का तेल भारत में लोगों के जीवन का हिस्सा है। यह खाने के साथ दवाओं में भी प्रयोग किया जाता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि निश्चिंत होकर सरसों के तेल का प्रयोग करें। यह हर लिहाज से लाभकारी है। अगर इसमें भी पीली सरसों का तेल प्रयोग करेंगे तो सोने पर सुहागा होगा। पीली सरसों का तेल दिल, दिमाग और शरीर के लिए औषधि का काम करता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### शहीद उधम सिंह की जयंती आज

# हिंदुस्तान की आज़ादी के मतवाले



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> *डायर ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चलवा दीं, एक हज़ार से ज्यादा देशभक्त शहीद हुए। ऊधम सिंह ख़ुद जलियांवाला बाग़ की सभा में मौजूद थे। क़िस्मत थी कि वह बच गए। नौजवान ऊधम सिंह ने लगकर घायलों की सेवा की और जलियांवाला बाग़ के शहीदों के ख़ून से सनी मिट्टी को उठाकर कौल लिया कि वे इस क़त्ले-आम के ज़िम्मेदार डायर-ओ'डायर की जोड़ी को एक दिन ख़त्म करके बदला ज़रूर लेंगे।*

पंजाब की सरज़मीं पर कितने ही ऐसे वतनपरस्त पैदा हुए, जिनकी बहादुरी के क़िस्से आज भी दोहराए जाते हैं मगर राम मुहम्मद सिंह आज़ाद उर्फ़ उधम सिंह इनमें भी कुछ ख़ास हैं। अमर शहीद उधम सिंह कम्बोज का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब प्रांत के संगरूर जिले के सुनाम गांव में एक कम्बोज सिख परिवार में हुआ था। सन 1901 में उधमसिंह की माता और 1907 में उनके पिता का निधन हो गया। इस घटना के चलते उन्हें अपने बड़े भाई के साथ अमृतसर के एक अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। उधम सिंह हिंदुस्तान की आज़ादी के ऐसे मतवाले रहे, जिनकी शख़्सियत के बारे में तमाम क़िस्से कहे-सुने जाते हैं, लेकिन मातृभूमि से अटूट प्रेम, त्याग और समर्पण की भावना हर क़िस्से का हिस्सा होती है। उधम सिंह का असली नाम शेर सिंह था। शेर सिंह से उधम सिंह नाम पड़ने का भी एक दिलचस्प क़िस्सा है। 1933 में वे जब जर्मनी गए, तो अंग्रेज़ हुकूमत से बचने के लिए उन्हें अपना नाम बदलना पड़ा। उन्होंने उधम सिंह के नाम से अपना पासपोर्ट बनवाया और इसी नाम से यूरोप के कई मुल्कों की यात्रा की और आख़िर में इंग्लैंड पहुंचे।

उधम सिंह नाम से पासपोर्ट बनवाने और फिर इसी नाम से उन पर ओ'डायर की हत्या का मुक़दमा चलने से उनका यही नाम इतिहास में मशहूर हो गया। संगरूर के सुनाम कस्बे में जन्मे उधम सिंह आठ साल की उम्र में ही अनाथ हो गए थे और उनकी परवरिश अमृतसर के खालसा अनाथालय में हुई। ऐसे संघर्षमय हालात में उन्होंने 1917 में मैट्रिक पास किया। जवान होते उधम सिंह का दौर, आज़ादी आंदोलन की सरगर्मियों का दौर था। पंजाब में उस दौरान कई आंदोलन एक साथ चल रहे थे। अलग-अलग धाराएं अपने-अपने तरीके से आज़ादी के आंदोलन में योगदान कर रही थीं। इसमें गदर पार्टी के आंदोलन का नौजवानों पर सबसे ज्यादा असर था। पंजाब के नौजवान क्रांतिकारी विचारों वाली गदर पार्टी की तरफ़ खिंचे चले जा रहे थे। करतार सिंह सराभा, मदनलाल ढींगरा, सुखदेव, सेवा सिंह ठीकरीवाला और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी गदर पार्टी की ही देन थे। उधम सिंह पर भी इसका असर पड़ा और ताउम्र वह गदर पार्टी से ही जुड़े रहे।

1919 का साल उनकी ज़िंदगी में एक अहम मोड़ लेकर आया। 13 अप्रैल वैशाखी के दिन अमृतसर में वह वाक़या हुआ, जिसके बाद उधम सिंह ने ज़िंदगी का नया मकसद तय किया और जिसे हासिल करने में पूरी ज़िंदगी लगा दी। ब्रिटिश उपनिवेशवादी काले कानून 'रोलेट एक्ट' का शांतिपूर्ण प्रतिरोध करने हज़ारों वतनपरस्त जलियांवाला बाग़ में इकट्ठे हुए थे। सूबे की सरकार को यह बात नाग़वार गुजरी। तत्कालीन पंजाब गवर्नर माइक ओ'डायर ने अमृतसर के सेना अधिकारी जनरल डायर को यह आंदोलन सख़्ती से कुचलने को कहा। गवर्नर की सरपरस्ती से जनरल डायर के हौसले बुलंद हो गए। नतीजतन डायर ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चलवा दीं, एक हज़ार से ज्यादा देशभक्त शहीद हुए। उधम सिंह ख़ुद जलियांवाला बाग़ की सभा में मौजूद थे। क़िस्मत थी कि वह बच गए। नौजवान उधम सिंह ने लगकर घायलों की सेवा की और जलियांवाला बाग़ के शहीदों के ख़ून से सनी मिट्टी को उठाकर कौल लिया कि वे इस क़त्ले-आम के ज़िम्मेदार डायर-ओ'डायर की जोड़ी को एक दिन ख़त्म करके बदला ज़रूर लेंगे।

सन 1922 तक वह नैरोबी में रहे। नैरोबी जाने से पहले ही वह गदर आंदोलन में सक्रिय हो गए थे। 1922 में वह केन्या से लौटे, तो उन्होंने कुछ समय बब्बर आंदोलन में भी हिस्सा लिया। 1924 में वह अमेरिका चले गए। वहां लाला हरदयाल के संपर्क में आए और फिर गदर पार्टी से जुड़ गए। इसके बाद पंजाब में उनका वास्ता क्रांतिकारी भगत सिंह से हुआ।

भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों से वह बेहद प्रभावित हुए थे। अपने से कम उम्र होने के बावजूद भगत सिंह को वह अपना गुरु मानते थे। अमेरिका प्रवास के दौरान उधम सिंह ने जर्मनी, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, हॉलैंड, लिथुआनिया, हंगरी, इटली आदि की यात्राएं की और यूरोपीय मुल्कों में हो रहे बदलावों को क़रीब से देखा। 1927 में भगतसिंह के हुक्म पर उधम सिंह हिन्दुस्तान वापस लौटे। आए तो अपने साथ क्रांतिकारी गुट के लिए बड़ी संख्या में हथियार लेकर आए, लेकिन बरतानिया पुलिस को इस बात की पहले ही भनक लग गई। उन्हें एयरपोर्ट पर ही असलाह समेत गिरफ्तार कर लिया गया। आर्म्स एक्ट में उन्हें पांच साल की सज़ा सुनाई गई। जिन दिनों उधम सिंह सज़ा भुगत रहे थे, मुल्क में क्रांतिकारी घटनायें चरम पर थीं। क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल न हो पाने का उन्हें बड़ा मलाल था। इसी दौरान भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को फांसी दे दी गई, जिससे क्रांतिकारी आंदोलन कुछ समय के लिए बिखर-सा गया। 1932 में रिहाई के बाद उधम सिंह अपने गांव सुनाम चले गए। पुलिस लगातार उनका पीछा कर रही थी। छुपते-छुपाते वह अमृतसर पहुंचे और अपना नाम बदलकर राम मुहम्मद सिंह आज़ाद रख लिया। आगे चलकर वह इसी नाम से आज़ादी के आंदोलन में हिस्सा लेते रहे। इस दौरान उन्होंने लंदन जाने की कोशिशें बराबर जारी रखीं। जनरल डायर और गर्वनर माइकल ओ'डायर इंग्लैंड जा चुके थे और उधम सिंह का अकेला मक़सद जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड के गुनहगारों से बदला लेना था। हत्याकांड के इतने साल गुज़र जाने के बाद भी उधम सिंह अपने मक़सद से बिल्कुल नहीं भटके थे। उन्हें सिर्फ एक वाजिब मौक़े की तलाश थी। और ये मौक़ा इक्कीस साल बाद, यानी 13 मार्च 1940 को आया। जलियांवाला बाग क़त्लेआम का आदेश देने वाला जनरल डायर तो इंग्लैण्ड पहुंचकर जल्द ही मर गया था, लेकिन माइकल ओ'डायर और पूर्व भारत सचिव लार्ड जेटकिंस अभी ज़िंदा थे। उनसे बदला लेना अभी बाक़ी था। उस दिन लंदन के कैक्सटन हॉल में एक मीटिंग थी। इत्तिफ़ाक़ से ये दोनों अफ़सर एक साथ इस मीटिंग में शामिल हुए। उधम सिंह को अपना बदला लेने के लिए यह घड़ी ठीक लगी। बैठक ख़त्म होते ही उधम सिंह ने दोनों पर दनादन गोलियां दाग दीं। अचानक हुई इस गोलीबारी से जेटकिंस तो गंभीर रूप से घायल हो गया, मगर ओ'डायर ने मौक़े पर ही दम तोड़ दिया। अपने काम को अंजाम देने के बाद उधम सिंह भागे नहीं, बल्कि उन्होंने ख़ुद पुलिस को गिरफ्तारी दी।

गिरफ्तारी के बाद अदालती कार्रवाई शुरू हुई। हालांकि अदालती कार्रवाई दिखावा भर थी। कोर्ट में जिरह के दौरान उधम सिंह ने अपना पूरा नाम राम मुहम्मद सिंह आज़ाद बताया और बयान दिया, ''हां मैंने यह कृत्य किया और मुझे इसका कोई अफ़सोस नहीं है। मुझे उनसे नफ़रत थी। मैंने उन्हें वही सज़ा दी जिसके वे हक़दार थे।'' उधम सिंह को 31 जुलाई, 1940 को पेन्टनविल जेल में फांसी दी गई और उन्हें वहीं दफना दिया गया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# एक पत्र रायते के नाम



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

प्रिय रायतु। सर्वप्रथम तुमको कोटि कोटि नमन करतु। प्रिय रायतु, मैं जानता हूं कि आजकल सर्दियों का मौसम चल रहा है, और इन दिनों तुम्हारी पूछ कुछ कम हो गई है लेकिन बावजूद इसके प्रत्येक इंडियन यह बात जानता है कि भोज्य पदार्थों में तुम्हारी वैल्यू क्या है। भारतीय भोज्य पदार्थों में तुम्हारी लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। तुम देशभर में ही नहीं, विदेश में भी काफी मशहूर हो। सभी जानते हैं कि तुमको फीकी या नमकीन बूंदी, फल, उबले आलू, सब्जियां आदि अनेक पदार्थों में मिलाकर दही में सानकर अथवा गाढ़ी छाछ में मिलाकर अच्छी तरह से बनाया जा सकता है।

दही, राई व जीरा व काला नमक तुम्हारे मुख्य घटक हैं। लोगों को तुम्हारे बारे में यह मालूम होना चाहिए कि दही में फल, प्याज(कांदा) आदि मिला देने भर से ही रायता नहीं बन जाता। लोगों को तुम्हारे बारे में जानकारी होनी चाहिए कि तुम्हारे नाम में जो 'राई' शब्द है, यही 'बेस्ट रायते' की कुंजी है। कहावत ही है कि राई नहीं तो रायता कैसा! हल्दी के साथ देशी घी का तड़का तो तुम्हारे जायके में चार चांद लगा देता है। हम लाख कोशिश करें तो भी बिना राई के रायता नहीं बना सकते। लोग बातों ही बातों में तुम्हारे को लेकर राई का पहाड़ बना सकते हैं, राई रत्ती का हिसाब ले सकते हैं, किंतु राई के बिना तुम्हारा (रायते) का स्वाद नहीं ले सकते। भले ही लोग तुम्हारे बारे में कुछ भी कहें लेकिन तुम उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन से भरपूर पोषक तत्वों से भरपूर भोजन हो और विटामिन और खनिजों का एक संभावित स्त्रोत हो। तुम पाचन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए जाने जाते हो। तुम शरीर को हाइड्रेट रखते हो, वजन घटाने में सहायक हो। कुल मिलाकर सेहत का खजाना हो, लेकिन मुझे दुख तब होता है जब लोग तुम्हारे नाम पर हर कहीं रायता फैलाते हैं। इन लोगों को यह पता होना चाहिए कि दही को मथना, छानना, उसमें मिलाने की सामग्री जुटाना और विभिन्न मसाले मिला कर राई व जीरे का तड़का देकर तुम्हें भोजन कर रहे लोगों के सामने तुरत-फुरत तैयार करना कितना मुश्किल व बड़ा काम है। मुझे बहुत दुख होता है जब लोग तुम्हारे बारे में तुम्हारे (रायता) फैल जाने को सारी व्यवस्था का अस्त-व्यस्त हो जाना, गुड़ गोबर हो जाना मानते हैं। तुम्हें (रायते) गिरी हुई दृष्टि से देखते हैं।

तुम्हारे फैलने को एक सामान्य घटना के रूप में नहीं मानते। हालांकि तुम्हारा(रायता) फैलना वैसा नहीं है जैसा भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों का पेट फैलता है। तुम्हें कटोरी या गिलास भर पीकर तो डकार का अनुभव होता है। भंडारे में आलू की सब्जी,हलवे व पूड़ी के साथ तो तुम्हारा(रायते का) विशेष महत्व रहता है। आज हमारे पड़ोस में भी भंडारा लगा है, हम तो तुम्हारा(रायते का) आनंद लेने जा रहे हैं। जयराम जी की।

**एक रायता प्रेमी।**

### नॉलेज कॉर्नर: तीन हिस्सों में बंटे मौसम के आखिर क्या हैं नाम?

# कश्मीर में होते हैं सर्दियों के तीन मौसम

शीतकाल की शुरुआत हो चुकी और धीरे-धीरे सर्दी परवान चढ़ रही है। भारत के पहाड़ी इलाकें बर्फ की चादर में लिपटे नजर आ रहे हैं। वहीं लोग क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए इन वादियों का रुचा कर रहे हैं। भारत में सदियों के मौसम में सबसे ज्यादा टूरिस्ट कश्मीर, हिमाचल या उत्तराखंड का रुख करते हैं,ब क्योंकि यहां सैलानियों को भरपूर बर्फ का आनंद मिलता है। कश्मीर भी घूमने वालों की सबसे पसंदीदा जगह में से एक है। सर्दियों के मौसम में लोग अक्सर घूमने जाते हैं। घूमने वालों की सबसे पसंदीदा जगह में से एक है कश्मीर। कश्मीर की खूबसूरती अपने आप में बेजोड़ है। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## चिल्लई कलां से सर्दियों की शुरुआत

जहां भारत और दुनिया की हर एक जगह सर्दी का एक ही मौसम होता है। वहीं धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में सर्दी के तीन मौसम होते हैं। इसे इस तरह भी कह सकते हैं कि कश्मीर में पढ़ने वाली सर्दियों को तीन हिस्सों में बांटा गया है। इन तीन हिस्सों के तीन अलग नाम रखे गए हैं। पहला नाम है चिल्लई कलां दूसरा नाम है चिल्लई खुर्द और तीसरा नाम है चिल्लाई बच्चा। आखिरी सप्ताह से ही कश्मीर में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगती है यहीं से सर्दियों का मौसम शुरू हो जाता है। इसे चिल्लई कलां कहते हैं। यह 40 दिन तक रहता है इस दौरान तापमान बेहद नीचे होता है और बर्फबारी भी होती है।



## जम्मू-कश्मीर के 6 सबसे खूबसूरत 'टूरिस्ट स्पॉट'

गुलमर्ग जम्मू कश्मीर का सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां बर्फ से ढके पहाड़, अल्पाइन के पेड़, झीलें, चीड़ और एक स्वप्निल वंडरलैंड है। वहीं सोनमर्ग जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थिति एक हिल स्टेशन है। सोनमर्ग को जम्मू और कश्मीर के सबसे अच्छे टूरिस्ट प्लेस में शुमार है। इधर लिद्दर नदी के तट पर स्थित पहलगाम देखने में बहुत आकर्षक लगता है। ऐसा लगता है जैसे हम कोई खूबसूरत पेंटिंग देख रहे हों। श्रीनगर भी देश के सबसे पॉपुलर टूरिस्ट प्लेसेस में से एक है। भारत में प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में से एक वैष्णो देवी मंदिर भी हैं, जो जम्मू के त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित है। जम्मू कश्मीर की खूबसूरती को बढ़ाने में युसमर्ग का भी हाथ है, जो कश्मीर की घाटी के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित एक हिल स्टेशन है।

**31 जनवरी से होती है शुरुआत**

*चिल्लई खुर्द की बात की जाए तो यह 20 दिनों तक रहता है। जिसकी शुरुआत 31 जनवरी से होती है। ये 19 फरवरी तक चलता है। चिल्लई कलां के मुकाबले चिल्लई खुर्द में ठंड थोड़ी कम होती है। सबसे बाद में आता है चिल्लई बच्चा। जिसकी शुरुआत 20 फरवरी से होती है जो 10 दिन तक चलता है।* *कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*


### X




**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
सबसे बड़ा उपहार जो आप किसी दूसरे इंसान को दे सकते हैं वह है उन्हें स्वीकार करना, उनका सम्मान करना और उनसे प्यार करना।



**जया किशोरी**, आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
यदि आप अपने सच्चे स्वंय हो सकते हैं किसी के सामने, उस व्यक्ति को पकड़ो।



**गौर गोपाल दास**, आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
गलतियां होती हैं! यदि हम उन्हें स्वीकार करने में ईमानदार हैं और उन्हें सुधारने की दिशा में काम करते हैं, तो गलतियाँ हमें उस अनुभव से पुरस्कृत कर सकती हैं जो कोई किताबें नहीं सिखा सकतीं।



**अरुण गोविल**, अभिनेता
@arungovil12
अपने स्वभाव को हमेशा सूरज की तरह रखिए, न उगने का अभिमान और ना डूबने का डर।

### वर्ष 1978 के घटनाक्रम पर चाचा- भतीजे के बीच चले सियासी तीर, तब पवार 40 विधायकों के साथ हो गए थे कांग्रेस से अलग

# लोग बदलाव के मूड में हों तो चेहरे का नहीं पड़ता असर: शरद पवार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पुणे। राकांपा के संस्थापक शरद पवार और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के बीच एक बार फिर सियासी तीर चले हैं। शरद पवार ने वर्ष 1978 में तत्कालीन सीएम वसंतदादा पाटिल के खिलाफ उठाए गए उनके कदम का परोक्ष संदर्भ देने को लेकर अजित पर तंज कसते हुए सोमवार को कहा कि वह कोई बगावत नहीं थी, बल्कि आपसी सहमति से लिया गया एक निर्णय था।

अजित की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए शरद पवार ने कहा, हम बैठकर फैसले लेते थे। विपक्षी गठबंधन इंडिया के पीएम पद का कोई चेहरा नहीं होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 1977 के लोकसभा चुनाव में भी किसी को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया गया था। चुनाव के बाद मोराराजी देसाई को प्रधानमंत्री बनाया गया। कोई चेहरा सामने नहीं रखने का कोई असर नहीं दिखा। अगर लोग बदलाव के 'मूड' में हैं, तो वे बदलाव लाने के लिए निर्णय लेंगे।



### क्या हुआ था 1978 में

वर्ष 1978 में शरद पवार 40 विधायकों के साथ सरकार से अलग हो गए थे जिससे बसंत दादा पाटिल सरकार गिर गई थी। उस वर्ष 18 जुलाई को शरद पवार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वह 38 साल की उम्र में इस पद पर आसीन होने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।

### अजित ने यह कसा था तंज

दो जुलाई को राकांपा को विभाजित करके एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने वाले अजित पवार ने बारामती में रविवार को शरद पवार पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि उनका यह रुख 60 वर्ष की उम्र पार करने के बाद है, जबकि कुछ लोग 38 वर्ष की उम्र में ही इस रास्ते पर चल पड़े थे। अजित पवार ने दावा किया था कि यशवंतराव चव्हाण ने शरद पवार के कदम का विरोध किया था क्योंकि वसंतदादा पाटिल जैसे नेता को दरकिनार कर दिया गया था। इसलिए ऐसा नहीं है कि पहले किसी ने उस तरह का कदम नहीं उठाया, जैसा मैंने उठाया। मैंने 60 साल की उम्र पार करने के बाद ऐसा फैसला लिया, इसलिए हर किसी को मेरे रुख को समझने की जरूरत है।



### सर्वेक्षण सिर्फ संकेत निष्कर्ष पर न पहुंचे

यह पूछे जाने पर कि एक चुनावी सर्वेक्षण ने 2024 के लोकसभा चुनावों में महा विकास अघाड़ी को राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन पर बढ़त दी है, उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण सिर्फ संकेत हैं और किसी को भी इस तरह की कवायद के आधार पर निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए।

### मोदी का कोई विकल्प नहीं है: अजित पवार

अजित पवार ने सोमवार को दावा किया कि देश में पीएम नरेन्द्र मोदी का फिलहाल कोई विकल्प नहीं है। पवार ने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, आप लोग बहुत दुष्प्रचार करते हैं। लेकिन देश के हितों की रक्षा कौन करेगा, देश किसके हाथों में अधिक सुरक्षित एवं मजबूत रहेगा और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि किसने सुधारी, जैसे सवाल बहुत मायने रखते हैं। हमने हाल ही में तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में परिणाम भी देखे हैं।

### बृजभूषण सिंह के समर्थन में लगे पोस्टर हटाए



**गोंडा (उप्र)।** भारतीय कुश्ती महासंघ की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित किए जाने के बाद भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के समर्थकों में निराशा छा गई है और उनके समर्थन में लगाए गये 'दबदबा' वाले पोस्टर व होर्डिंग हटा दिए गए हैं। 'दबदबा' का दावा कर खुशियां मनाने वाले बृजभूषण के समर्थकों की आवाज उस समय कमजोर पड़ गई, जब खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित कर दिया और व्यवस्था संचालन के लिए इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन को नई संस्था गठित करने का निर्देश दिया।

सरकार के इस फैसले के बाद जगह-जगह लगाए गए दबदबा वाले पोस्टर और होर्डिंग उतारे जाने लगे। चार पहिया वाहनों से भी 'दबदबा' वाले स्टीकर हटा दिए गए हैं।

### पूर्व कांग्रेस सांसद के खिलाफ गैर संज्ञेय अपराध दर्ज

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कथित रूप से मानहानिकारक टिप्पणी करने के लिए कांग्रेस के पूर्व सांसद वीरजी ठुम्मर के खिलाफ गैर संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है। ठुम्मर ने कहा कि उनकी मंशा किसी को आहत करने की नहीं थी, बल्कि जनता की आवाज़ उठाने की थी। पुलिस उपाधीक्षक जेपी भंडारी ने बताया कि अमरेली पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 499, 500 और 504 के तहत गैर संज्ञेय अपराध दर्ज किया है। ये धाराएं आपराधिक मानहानि और जानबूझकर अपमान करने से संबंधित हैं।


### मध्य प्रदेश: मोहन यादव मंत्रिमंडल का विस्तार

# 28 नए मंत्रियों में 12 हैं OBC से BJP ने साधे सियासी समीकरण

**एजेंसी** | भोपाल

मध्यप्रदेश में सोमवार को मोहन यादव मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में मंत्रिमंडल के 28 नए सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें 18 मंत्री कैबिनेट रैंक के हैं, छह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं और चार राज्य मंत्री हैं। शपथ लेने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व सांसद राकेश सिंह और उदय प्रताप सिंह शामिल हैं। नए मंत्रियों 12 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)से हैं। मुख्यमंत्री को मिलाकर मंत्रिपरिषद में ओबीसी सदस्यों की संख्या 13 हो गई है। एससी व एसटी वर्ग से पांच-पांच मंत्री और सामान्य वर्ग से आठ मंत्री बनाए गए हैं।

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों की झलक कैबिनेट के पहले विस्तार में देखने को मिली।




### ये शामिल किए गए मंत्री परिषद में

विजय शाह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, करण सिंह वर्मा, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह , संपतिया उइके, तुलसीराम सिलावट, ऐदल सिंह कंसाना, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, निर्मला भूरिया, नारायण सिंह कुशवाहा, नागर सिंह चौहान, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, चैतन्य कश्यप और इंदर सिंह परमार ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। वहीं, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर, धर्मेंद्र भाव लोधी, दिलीप जयसवाल, गौतम टेटवाल, लाखन पटेल और नारायण सिंह पवार हैं। राज्य मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों में नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, दिलीप अहिरवार और राधा सिंह शामिल हैं।

### शिवराज सरकार के छह मंत्रियों की वापसी

शिवराज सरकार में भी मंत्री रहे विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, इंदर सिंह परमार, विश्वास सारंग और प्रद्युम्न सिंह तोमर को एक बार फिर मंत्री बनाया गया है। 18 चेहरे ऐसे हैं, जो पहली बार कैबिनेट में शामिलि किए गए हैं।

### पांच महिलाओं को मिला स्थान

यादव के मंत्रिमंडल में दो कैबिनेट रैंक संपतिया उइके और निर्मला भूरिया तीन राज्य मंत्री कृष्णा गौर, प्रतिमा बागरी और राधा सिंह समेत कुल पांच महिलाओं को शामिल किया गया है । मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा सहित मंत्रिमंडल की कुल संख्या अब 31 हो गई है। राज्य मंत्रियों की संख्या 10 है। जिसमें स्वतंत्र प्रभार वाले छह मंत्री शामिल हैं। 230 विधायकों वाले मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद की अधिकतम संख्या 35 हो सकती है। यादव ने 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जबकि शुक्ला और देवड़ा ने उप मुख्यमंत्री की रूप में शपथ ली।

## गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान व वंचितों को मान प्राथमिकता: मोदी



### 32 साल से बंद मिल श्रमिकों को बकाया भुगतान

**एजेंसी** | इंदौर

आगामी लोकसभा चुनावों से पहले, विपक्ष द्वारा देश में जातिगत जनगणना की मांग तेज करने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि गरीब, युवा, महिलाएं और किसान उनके लिए सबसे बड़ी चार जातियां हैं।

मोदी ने इंदौर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित मजदूरों के हित, मजदूरों को समर्पित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में, इंदौर में 32 साल पहले बंद हुई हुकुमचंद कपड़ा मिल के करीब 5,000 मजदूरों के 224 करोड़ रुपए के बकाया का बटन दबाकर सांकेतिक भुगतान किया। परिसमापक के जरिए इस मामले के कानूनी निराकरण के लिए राज्य सरकार ने पहल की। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हुकुमचंद मिल मामले के निराकरण से इस कारखाने के पूर्व मजदूरों के परिवारों में त्योहारों का उल्लास बढ़ गया है। गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि देश के श्रमिक सशक्त बनें और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

ज्ञात रहे कि नवंबर के दौरान हुए विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश की सत्ता में भाजपा की बड़े बहुमत से वापसी के बाद मोदी राज्य के किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में पहली बार शामिल हुए।

### खरगे को पीएम फेस बनाने के प्रस्ताव पर बोले नीतीश

## मैं न नाराज हूं और ना मायूस: नीतीश

**एजेंसी** | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का सुझाव और उन्हें गठबंधन का संयोजक नहीं बनाए जाने के कारण उन्हें मायूसी हुई और वे इसको लेकर उन्हें नाराजगी है। उन्होंने कहा, मुझे कोई मायूसी नहीं हुई, कोई नाराजगी नहीं हुई।

दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान नीतीश ने दिल्ली और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों क्रमशः अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी द्वारा खरगे के नाम प्रस्तावित किए जाने के बारे में कहा, बैठक में मुद्दा आया। मैने शुरू में ही स्पष्ट कर दिया था कि हमारी अपनी कोई इच्छा नहीं है। सब लोग साथ मिलकर चलें यही हम चाहते हैं। फिर एक और नाम प्रस्तावित किया गया, मैंने कहा कि यह ठीक है।

नीतीश से जनवरी तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के उनके कथित आग्रह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हां, मैंने कहा था कि सीट बंटवारे को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। मैं पहले भी इसको लेकर अपने विचार व्यक्त कर चुका हूं। मुझे विश्वास है कि ऐसा सभी राज्यों में सही समय पर कर लिया जाएगा।



### वाजपेयी के प्रति अपार श्रद्धा

नीतीश ने दिवंगत वाजपेयी के प्रति अपने मन में अपार सम्मान की बात करते हुए कहा कि अटल जी की सरकार में हम तीन-तीन विभागों के मंत्री थे। वे मुझे बहुत मानते थे। मुझे बिहार का मुख्यमंत्री बनाने में अटल जी का बहुत बड़ा योगदान है।

### आध्यात्मिक सम्मेलन में रक्षा मंत्री



*हरिद्वार में आयोजित दिव्य आध्यात्मिक सम्मेलन में स्वामी चिदानंद सरस्वती और महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ।*

## समान नागरिक संहिता का जल्द मिलेगा मसौदा

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा राज्य सरकार को नए साल में जल्द ही सौंप दिया जाएगा।

हरिद्वार में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी के आचार्य पद पर 25 साल पूरे होने पर आयोजित आध्यात्मिक सम्मेलन में धामी ने कहा, मसौदा तैयार करने के लिए हमने जो विशेषज्ञ समिति गठित की थी, उसने अपना काम पूरा कर लिया है। नए साल में हमें जल्द ही उसका मसौदा मिल जाएगा और हम उसे लागू करने की दिशा में बढ़ेंगे। समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्णय अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण या जम्मू—कश्मीर में धारा 370 हटाने जितना ही महत्वपूर्ण है ।

### खरगे ने दिया धनखड़ के पत्र का जवाब, कहा...

# सांसदों का निलंबन पूर्व नियोजित था, सत्तारूढ़ दल ने बनाया हथियार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को जवाबी पत्र लिखकर कहा है कि विपक्षी सांसदों का सामूहिक निलंबन पूर्व नियोजित था और संसदीय परंपराओं को नुकसान पहुंचाने के लिए सत्तारूढ़ दल द्वारा इसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। उन्होंने धनखड़ द्वारा बातचीत के बुलावे पर कहा कि वह दिल्ली में नहीं हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गत 23 दिसंबर को खरगे को लिखे पत्र में कहा था कहा कि सदन में शीतकालीन सत्र में व्यवधान इरादातन और रणनीति के तहत था।





### यह कहा था धनखड़ ने

धनखड़ ने पत्र में कहा था, इस प्रकरण में मुख्य विपक्षी दल की पूर्व नियोजित भूमिका की ओर इंगित करके मैं आपको शर्मिंदा नहीं करना चाहता, लेकिन जब कभी भी मुझे आपसे बातचीत करने का अवसर मिलेगा मैं आपसे वह साझा अवश्य करूंगा। धनखड़ ने खरगे को संसद में व्यवधान और विपक्षी सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर बातचीत के लिए 25 दिसंबर को अपने आवास पर आमंत्रित किया था। शीतकालीन सत्र के खत्म होने के बाद भी धनखड़ और खरगे के बीच पत्राचार हुआ था। खरगे ने 24 दिसंबर को लिखे जवाबी पत्र में कहा कि वह सभापति की इस बात से सहमत हैं कि अब आगे बढ़ने की जरूरत है।

### सभापति करें लोगों के अधिकारों की रक्षा

पत्र में सभापति द्वारा उल्लेखित कुछ बिंदुओं का जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि विपक्षी सांसदों का निलंबन बिना सोच विचार के कर दिया गया तथा सदन में संरक्षक के रूप में सभापति को संसद के भीतर सरकार को जवाबदेह ठहराने के लोगों के अधिकार की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष लोकतंत्र को कमजोर करने, संसदीय परंपराओं को नष्ट करने और संविधान का गला घोंटने के लिए सांसदों के निलंबन को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सभापति का पत्र दुर्भाग्य से संसद के प्रति सरकार के निरंकुश और अहंकारी रवैये को उचित ठहराता है।

### विशेषाधिकारों को बनाया हथियार

खरगे का कहना था, विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए विशेषाधिकार प्रस्तावों को भी हथियार बनाया गया है। यह संसद को कमजोर करने के लिए सत्तापक्ष द्वारा जानबूझकर तैयार की गई रणनीति है। सांसदों को निलंबित करके सरकार कुल मिलाकर 146 सांसदों के क्षेत्रों के मतदाताओं की आवाज को चुप करा रही है।

### बिना सोचे-समझे किया गया निलंबन

खरगे ने पत्र में कहा, आपने यह भी उल्लेख किया है कि सदन में अव्यवस्था इरादतन और पूर्व निर्धारित थी। मैं यह कहना चाहूंगा कि संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसदों का सामूहिक निलंबन सरकार द्वारा पूर्व निर्धारित और पूर्व नियोजित प्रतीत होता है। बिना सोचे-समझे इसे अंजाम दे दिया गया। 'इंडिया' गठबंधन से संबंधित एक सदस्य को तो तब निलंबित कर दिया गया जब वह सदन में मौजूद भी नहीं थे।

### यह हुआ था सदन में

सदन में तख्तियां लहराने और नारे लगाने के आरोप में शीतकालीन सत्र में कुछ दिनों के भीतर ही 146 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। इनमें से ज्यादातर सदस्यों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया था और सत्र समाप्ति के बाद उनका निलंबन भी स्वत: ही समाप्त हो चुका है। लेकिन कुछ सदस्यों के मामले को विशेषाधिकार समिति के विचारार्थ भेजा गया था और समिति की रिपोर्ट आने तक उनका निलंबन जारी रहेगा। शीतकालीन सत्र के लिए दोनों सदनों की बैठक गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

## जरूरी खबर

### न्यूजक्लिक केस: HR हैड बनेगा सरकारी गवाह

**नयी दिल्ली।** समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक में मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने चीन के समर्थन में दुष्प्रचार करने संबंधी मामले में गवाह बनने की अनुमति लेने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है। इस प्रकरण में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। चक्रवर्ती ने पिछले सप्ताह विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष आवेदन दायर कर मामले में माफी दिए जाने का अनुरोध किया था और दावा किया था कि उनके पास महत्वपूर्ण जानकारी है जिसके बारे में वह मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस को बताना चाहते हैं। न्यायाधीश ने चक्रवर्ती का बयान दर्ज करने के लिए मामले को मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष भेज दिया है।

### बहरीन से लाया रेप का आरोपी, दिल्ली एयरपोर्ट से फरार

**नई दिल्ली।** पंजाब में बलात्कार के एक मामले का आरोपी बहरीन से यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर आव्रजन अधिकारियों की हिरासत में लिए जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोप लगाया कि आरोपी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की हिरासत से भागा जबकि बल ने दावा किया कि आव्रजन विभाग ने आरोपी को उन्हें कभी सौंपा ही नहीं था। पंजाब में फतेहगढ़ साहिब का रहने वाला आरोपी अमनदीप सिंह 20 दिसंबर को सुबह चार बजकर 55 मिनट पर एयर इंडिया के एक विमान से खाड़ी देश से आईजीआई हवाई अड्डा पहुंचा था। हवाई अड्डा पुलिस आव्रजन विभाग द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के हवाले से बताया कि सिंह को आव्रजन विभाग ने रोक लिया।

### अमृत भारत ट्रेन को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही 'पुश-पुल' तकनीक वाली पहली अमृत भारत ट्रेन को अयोध्या से हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को नई दिल्ली स्टेशन पर इसके कोच और इंजन का निरीक्षण किया। पुश-पुल ट्रेन में दो इंजन होते हैं, एक आगे और दूसरा आखिर में। आगे वाला इंजन ट्रेन को खींचता है तो वहीं पीछे वाला इंजन ट्रेन को आगे की तरफ धकेलता है। वैष्णव ने कहा कि पीएम के इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद रेलवे चार से पांच महीने तक ट्रेन का सामान्य परिचालन करेगा और देखेगा कि कहीं कोई तकनीकी दिक्कत तो नहीं है।

## शिमला में विंटर कार्निवल... पर्यटकों का सैलाब और जाम



*शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में नव वर्ष के पूर्व सोमवार को रिज इलाके में विंटर कार्निवल शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। राज्य के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने के कारण जगह जगह वाहनों का जाम लग गया। शिमला एवं मनाली में होटलों की बुकिंग 90 प्रतिशत तक पहुंचा दी है। हालत यह है कि एक ही दिन में रिकॉर्ड 28,210 वाहनों ने अटल सुरंग को पार किया। शनिवार को अटल सुरंग पर बर्फबारी होने के बाद पर्यटकों ने बड़ी संख्या में अटल सुरंग का रुख किया है। -पीटीआई*

## पांच दिन की यात्रा पर मास्को पहुंचे जयशंकर



**मास्को।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि वह रूस की अपनी पांच दिवसीय यात्रा में देश के नेताओं के साथ अपनी बैठकों को लेकर आशान्वित हैं। जयशंकर सोमवार को रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर मस्को पहुंचे, इस दौरान वह अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे और विभिन्न द्विपक्षीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मास्को पहुंच गया हूं। अपनी बातचीत को लेकर आशान्वित हूं।

एक अन्य पोस्ट में विदेश मंत्री ने 1962 में उन्हें बचपन में मिले एक निमंत्रण पत्र को साझा किया, जो सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्रियों के एक अभियान का जश्न मनाने के लिए भेजा गया था।

## J&K में नागरिकों की मौत: सेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू की

# ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारी का तबादला, 3 अन्य पर भी कार्रवाई

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हालिया आतंकवादी हमले में तीन सैनिकों के शहीद होने के बाद सुरक्षा बल द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए तीन नागरिकों की मौत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। सेना ने मामले की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' शुरू की है।

ब्रिगेडियर स्तर के एक अधिकारी का तबादला कर दिया गया और 48 राष्ट्रीय राइफल्स के तीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कथित तौर पर उन्हें यातना दिए जाने संबंधी कुछ वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर आए थे।

सूत्रों ने कहा कि अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए सेना ने कथित यातना और उसके बाद तीन नागरिकों की मौत की घटना कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। सुरनकोट क्षेत्र के प्रभारी ब्रिगेडियर स्तर के एक अधिकारी को स्थानांतरित कर दिया गया और संबंधित इकाई के अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात रहे कि पुलिस ने अज्ञात आरोपी सैन्यकर्मियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है।




### सेना प्रमुख ने किया पुंछ का दौरा, कहा...

## बहुत ही पेशेवर तरीके से सेना चलाए अभियान

**राजौरी/जम्मू।** पुंछ में पिछले हफ्ते घात लगाकर किए गए हमले में चार जवानों की मौत के बाद आतंकवादियों की तलाश में जारी अभियान के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को मौके का दौरा किया और कमांडरों को 'बहुत ही पेशेवर तरीके से" अभियान संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया। जनरल पांडे ने उनसे सभी चुनौतियों के प्रति दृढ़ रहने को भी कहा। पुंछ जिले में सुरनकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेरा की गली और बफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर गुरुवार को घात लगाकर हमला कर दिया था, जिसमें चार जवानों की जान चली गई थी।

सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि जनरल पांडे को मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। सेना प्रमुख ने मौके पर कमांडरों के साथ बातचीत की।

### बनर्जी ने फिर की धनखड़ की मिमिक्री, कहा...

## नकल करना अभिव्यक्ति यह है मौलिक अधिकार





**एजेंसी** | कोलकाता

संसद परिसर में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारने के मामले में विवाद में घिरे तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि 'मिमिक्री' करना एक तरह की अभिव्यक्ति है और मौलिक अधिकार है।

संसद के शीतकालीन सत्र में कई अन्य विपक्षी सांसदों के साथ लोकसभा से निलंबित बनर्जी ने कहा कि असहमति और विरोध का अधिकार मौलिक अधिकार है। बनर्जी ने अपने संसदीय क्षेत्र सेरामपुर में रविवार को एक कार्यक्रम में यह बात कही। बनर्जी ने संसद के दोनों सदनों से बड़ी संख्या में विपक्षी सदस्यों के निलंबन के खिलाफ 19 दिसंबर को संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान धनखड़ की नकल उतारी थी। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने इस कृत्य को शर्मनाक, हास्यास्पद और अस्वीकार्य बताया था।

बनर्जी ने धनखड़ पर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को खुश करने के लिए विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आप कितना झुकोगे? आप नरेन्द्र मोदी और भाजपा को कितना खुश करना चाहते हैं।

## ड्रोन हमले के बाद पोत केम प्लूटो पहुंचा मुंबई, समुद्र में बढ़ेगी निगरानी

# तीन युद्धपोत व टोही विमान रखेंगे नजर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के विस्फोटक आयुध रोधी दल ने अरब सागर में ड्रोन हमले का सामना करने वाले व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो के सोमवार को मुंबई पहुंचने पर उसका विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों पर हाल के हमलों के मद्देनजर, नौसेना ने क्षेत्र में अपनी प्रतिरोधक उपस्थिति बनाए रखने के लिए युद्धपोत आईएनएस मोर्मुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता को तैनात किया है। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी8आई को भी लगाया गया है।




नौसेना के अधिकारियों ने कहा कि हमले वाली जगह और जहाज पर पाए गए मलबे का विश्लेषण करने ड्रोन हमले का संकेत मिलता है और सभी विवरणों का पता लगाने के लिए आगे फॉरेंसिक और तकनीकी विश्लेषण की आवश्यकता होगी।

शनिवार को पोरबंदर से लगभग 217 समुद्री मील की दूरी पर 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाज पर एक ड्रोन हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने जहाज को सहायता प्रदान करने के लिए कई पोत तैनात किए।

## वाजपेयी को किया नमन




*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अनेक नेताओं ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मोदी व अन्य नेताओं ने वाजपेयी के स्मारक 'सदैव अटल' जाकर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की*

### पीएम मोदी का ईसाई समुदाय के लोगों से संवाद

# विकास का फायदा सभी तक पहुंचे, कोई अछूता न रहे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को क्रिसमस के मौके पर अपने आधिकारिक आवास पर ईसाई समुदाय के लोगों से संवाद किया और कहा कि उनके साथ उनका बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का फायदा हर किसी तक पहुंचे और कोई इससे अछूता ना रहे। ईसाई समुदाय के लोगों तक, विशेषकर गरीबों और वंचितों तक भी आज देश में हो रहे विकास का लाभ पहुंच रहा है।

प्रधानमंत्री ने मत्स्य पालन मंत्रालय बनाए जाने के अपने कदम को याद करते हुए कहा कि ईसाई समुदाय ने इसकी सार्वजनिक रूप से सराहना की थी और उनका सम्मान भी किया था। उन्होंने कहा, क्रिसमस के इस अवसर पर मैं देश के ईसाई समुदाय के लिए एक बात जरूर कहूंगा। देश के लिए आपके योगदान को भारत गर्व से स्वीकार करता है। ईसाई समुदाय ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में ईसाई समुदाय के संस्थानों का बहुत बड़ा योगदान

पीएम मोदी ने कहा, समाज सेवा में यह समुदाय बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। गरीब और वंचितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज भी पूरे भारत में ईसाई समुदाय के संस्थान बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस संवाद के दौरान ईसाइयों के साथ अपने पुराने और आत्मीय संबंधों को याद किया और कहा कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब ईसाई समुदाय के गुरुओं से मिला करते थे। मोदी ने कुछ साल पहले 'द होली पोप' से हुई मुलाकात का उल्लेख किया और कहा कि यह उनके जीवन का एक बहुत ही यादगार पल था। पोप से उन्होंने इस धरती को बेहतर जगह बनाने के लिए सामाजिक सौहार्द, वैश्विक भाईचारे, जलवायु परिवर्तन और समावेशी विकास जैसे कई विषयों पर लंबे समय तक चर्चा की थी। क्रिसमस पर उपहार देने की परंपरा का जिक्र कर उन्होंने कहा कि इस अवसर पर यह विचार किया जाना चाहिए कि कैसे आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर धरती का उपहार दिया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के 'वोकल फोर लोकल' अभियान में भी ईसाई समुदाय से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

### नड्डा ने किया सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च का दौरा

भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को राजधानी स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च का दौरा किया और ईसा मसीह को मानवता के लिए प्रेरणा बताया। नड्डा ने कैथेड्रल में वरिष्ठ पादरियों से मुलाकात की। नड्डा के इस कदम को ईसाई समुदाय के बीच भाजपा की पैठ बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ईस्टर पर इसी कैथेड्रल का दौरा किया था।

## वंचित तबकों के लिए खतरनाक हैं नए कानून

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा तीन नए आपराधिक न्याय विधेयकों को मंजूरी दिए जाने के बाद कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि ये कानून समाज के सबसे वंचित वर्गों के लिये खतरनाक हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत के 146 सांसदों के जानबूझकर निलंबन की मदद से पिछले हफ्ते संसद में पारित किए गए तीन आपराधिक न्याय विधेयकों को अब राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है।

कई प्रतिष्ठित वकील और न्यायविद पहले ही इसके खतरनाक परिणामों की ओर इशारा कर चुके हैं, खासकर समाज के सबसे वंचित वर्गों के लिए। उन्होंने कहा, हल्के-फुल्के अंदाज में कहें तो भारतीय दंड संहिता की सबसे व्यापक रूप से ज्ञात धारा 420 अब इतिहास बन गई है। इसने 1955 में राज कपूर-नरगिस की हिट फिल्म 'श्री 420' को भी प्रेरित किया था, जिसमें कई सुपरहिट गाने थे। अब से वह भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316 होगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, कोई बात नहीं, 'श्री 420' नहीं, तो 'श्री जी20' ही सही!

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि नई भारतीय दंड संहिता और अधिक कठोर हो गई है।

## जयपुर जूलरी शो- 2023: 50 हजार विजिटर्स ने की शिरकत

# रत्न-आभूषणों के अनूठे शो का समापन

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर जूलरी शो ने देश ही नहीं, बल्कि विश्व भर में पहचान बनाई है। आभूषणों की विविध श्रृंखला चाहे वह हीरा, सोना, चांदी, जेम स्टोन थ्रेड हो यहां एक ही छत के नीचे हैं। यह न केवल व्यवसाय के लिए एक मंच है, बल्कि युवा डिजाइनरों और छात्रों के कौशल को प्रदर्शित और पोषित करने का अवसर प्रदान करता है। यह बात राजस्थान के उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने जयपुर जूलरी शो-2023 के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में कही। चार दिवसीय द दिसंबर शो जेजेएस में चार दिनों में करीब 50 हजार हजार विजिटर्स व ट्रेडर्स शामिल हुए।

**अब जूलरी शो का अगला आयोजन 20 से 23 दिसंबर 2024 को**



फोटो: पंकज शर्मा



### खुद को रोक नहीं पाई एक्ट्रेस

शो में अंतिम दिन बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा बत्रा भी पहुंची और जूलरी की चमक देखकर स्वयं को रोक नहीं पाई और उन्होंने ईयर रिंग्स आदि पहनकर खुद को संवारा। जेजेएस की इस वर्ष की एमरल्ड प्रमोशन ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री ने शो का भ्रमण भी किया।

### एक हजार टॉप रिटेलर्स से व्यापार

जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने कहा, कि इस वर्ष उम्मीद से काफी अच्छा व्यापार हुआ है। देशभर के लगभग 1000 टॉप जूलरी रिटेलर्स और 6 इंटरनेशनल एग्जीबिटर्स शामिल हुए। देश-विदेश से बड़ी संख्या में ट्रेड विजिटर्स हिस्सा बने।

### इस वर्ष बूथ की संख्या बढ़ी

अब जेजेएस का आगामी संस्करण 20 से 23 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। जेजेएस मानद सचिव राजीव जैन ने शो के सफर को साझा किया। उन्होंने बताया, कि जेजेएस में एग्जीबिटर्स की बढ़ती डिमांड को देखते हुए पिछले वर्षों की तुलना में 1100 बूथ्स के साथ इस वर्ष 18 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। नए स्थान और बड़े स्पेस के साथ पिंक क्लब और एमरल्ड पवैलियन उत्सुकता का केंद्र बना रहा। शो में 67 प्रतिशत ब्रांड्स के डिजाइनर बूथ खास रहे।

### मोमेंटो देकर किया सम्मानित

समापन समारोह में आयोजन से जुड़े वेंडर्स को उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह दिए गए। इनमें से अधिकांश 2003 में जेजेएस की शुरुआत से जुड़े हैं।




## सैलानियों ने मनाया क्रिसमस



**बेधड़क. जयपुर।** क्रिसमस सेलिब्रेशन शकुन होटल में खास रहा। वहां लोगों नें क्रिसमस परंपरा का जश्न धूम-धाम से मनाया गया। होटल में क्रिसमस को विशेष बनाने के लिए सजावट के बीच हर देश की डिशेज खास रहीं। वहीं डीजे की धुनों पर देशी-विदेशी सैलानी नें भी क्रिसमस को यादगार बनाया। इस अवसर पर शकुन ग्रुप के एमडी गोकुलदास माहेश्वरी ने कहा कि क्रिसमस पर मन में हर्ष और उल्लास की एक उमंग दौड़ती है। जाता हुआ व आता हुआ वर्ष सभी के लिए उत्साह व उमंग से भरा है। अब थर्टी फर्स्ट पर भी होटल में आयोजन होगा।

## जेकेके में राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला



**बेधड़क. जयपुर।** कला प्रेमियों के लिए जयपुर के जवाहर कला केंद्र में "पधारो म्हारे शिल्पग्राम' मेला देश भर की कला को जानने का प्लेटफॉर्म बना। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से 6 दिवसीय आयोजन में देश के 19 विभिन्न राज्यों के करीब 150 से अधिक दस्तकार और हस्तशिल्पी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो अनूठी है। यहां हस्तनिर्मित उत्पाद खास हैं, जिसमें खादी व हर्बल उत्पादों को प्रमोट किया जा रहा है। जोधपुरी बंधेज, हैंड ब्लॉक प्रिंट साड़ियां, हैंड मेड कारपेट, पाली व सीकर की जूतियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

## भागवत कथा का समापन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के आगरा रोड जयंती नगर स्थित लक्ष्मी विहार कॉलोनी में 7 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया। भागवत कथा के आखिरी दिन कृष्ण रुक्मणी के विवाह के साथ 101 किलो पुष्प वर्षा के साथ भगवान कृष्ण और रुक्मणी का विवाह संपन्न हुआ। सात दिवसीय भागवत कथा में बृजवासी पंडित जितेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कथा सुनाई। कृष्ण का अवतार सनसवी पांचाल और रुक्मणी का अवतार कोमल पांचाल ने धारण किया। विवाह में रुक्मणी का कन्यादान कॉलोनी निवासी चंद्रकांता पांचाल, इंद्रा जांगिड़, शकुन्तला पांचाल ने किया। इस मौके पर राधा-कृष्ण की बाल लीला का मंचन किया गया।

## City इवेंट्स

### सी.एम.ई. के विशेषज्ञों ने रखे विचार



**बेधड़क. जयपुर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार व स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से छह दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सी.एम.ई) का आयोजन किया गया। "मानसिक बीमारी का एकीकृत दृष्टिकोण' विषय पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. योगेश्वरी गुप्ता ने बताया, कि डॉ. कुमार धवले, डॉ. बिपिन जैन, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. गिरीश नवाङ्ग, डॉ. चराग ताम्बोली, डॉ. शोभा ताम्बोली, डॉ. सुनीता निकुंम्भ, निमिष मेहता, डॉ. कथिका, डॉ. मनीष, डॉ. सिद्दार्थन ने अपने विषय पर व्याख्यान दिया। समापन समारोह में डॉ. एस.एस. अग्रवाल व डॉ. राघव शाह उपस्थित रहे।

### जूलरी कारीगरों को बांटे सर्टिफिकेट



**बेधड़क. जयपुर।** सामाजिक अन्वेषण व शोध संस्थान और राजस्थान जड़िया एकता मजदूर संघ और फॉ मैगजीन की ओर से जूलरी कारीगरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 21 प्रतिभागियों का जूलरी के अलग-अलग क्राफ्ट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिव कुमार के केडरे व विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएएस रिदेश कुमार शर्मा, दीपक संकित, विजेता धर्मेंद्र सिंह भल्ला मौजूद रहे। संस्था अध्यक्ष महेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि 21 प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व शॉल औढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### वाजपेयी की जयंती पर गायों के लिए सवामणि



**बेधड़क. जयपुर।** युग पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 99वीं जन्म जयंती पर जयपुर में पहली बार अनूठी सवामणि का आयोजन किया गया। रवि फाउंडेशन व हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसायटी की ओर से पिंजरापोल गौशाला स्थित सनराइज औषधी पार्क में गायों को उनकी पसंद की प्रसादी परोसी गई। इसमें प्रमुख रूप से खजूर, पंचमेवा, गुड़, मेथी, तिल, तिल की खली गायों के भोजन में शामिल की गई। साथ ही गायों को चूरमा-दाल-बाटी खिलाया गया। महोत्सव के तहत 2000 गायों के लिए 21 सवाणियां एक साथ की गई। इसमें करीब 1100 किलो खाद्य सामग्री उपयोग आई।

## मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम की शुरुआत

# क्राउन व ट्रॉफी अनवील, बांटी क्रिसमस की खुशियां



**बेधड़क | जयपुर**

क्रिसमस सेलिब्रेशन और क्राउन व ट्रॉफी लॉन्च सेरेमनी में मॉडल्स ने खुशियों के रंग बिखेरे। मौका था रविसूर्या ग्रुप व अनंता रिसॉर्ट जयपुर के सहयोग से मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम की शुरुआत का। ब्यूटी पेजेंट के फाइनल में पहुंचने वाली 40 मॉडल्स को शैश पहनाकर स्वागत किया गया। क्रिसमस के रंग में रंगी सेरेमनी में मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम की फाइनलिस्ट ने डांस-मस्ती कर त्योहार पर रंगत बिखेरी। 28 से जयपुर-दिल्ली हाइवे स्थित अनंता रिसोर्ट में ब्यूटी पेजेंट का आगाज होगा।

चार दिवसीय शो में मॉडल्स के लिए ग्रूमिंग सेशन में मॉडल्स को कैटवॉक, कैमरा पोजिंग, फैशन के लेटेस्ट ट्रेंड्स, स्टाइलिंग, हैल्थ एंड फिटनेस, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। टैलेंट राउंड में मॉडल्स की डांस, सिंगिंग, मिमिक्री, एक्टिंग आदि विधाओं की परख कर 31 दिसंबर को होने वाले फिनाले शो के लिए तैयार किया जाएगा।

ग्रांड फिनाले में ज्यूरी पैनल द्वारा कैटवॉक राउंड के बाद विभिन्न कैटेगरीज में विजेता का चयन किया जाएगा। विनर मॉडल्स को क्राउन पहनाने के बाद कैश प्राइज, ट्रॉफी, गिफ्ट हैंपर्स से सम्मानित किया जाएगा।

## 250 कलाकारों ने पेश की कला की बानगी

# फैशन शो फॉर स्पेशल एबल पर्सन में दिखाई प्रतिभा







**बेधड़क | जयपुर**

स्पशेल टैलेंट ने अलग-अलग तरह की कलाए दिखाकर स्वयं को साबित किया तो रैंप वॉक के साथ मधुर आवाज में गीत, नृत्य और कविताएं उनकी ओर से देखने और सुनने को मिली। हिमाचल से आए स्पेशल पर्सेंस ने वहां की वेशभूषा में अपनी कला दर्शाई तो हर कोई रोमांचित हो उठा। नजारा था श्रीबाबा बालक नाथ सेवा संस्थान रितु उमेश अग्रवाल की ओर से फैशन शो फॉर स्पेशल एबल पर्सन सीजन-3 का, जो रॉयल पैलेस गार्डन सांगानेर में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के मुख्य संरक्षक स्वामी बालमुकुंद आचार्य व कालीचरण सराफ ने की। संरक्षक मीनाक्षी गुप्ता व नवल किशोर गुप्ता ने बताया, लगभग ढाई सौ लोगों ने अलग-अलग राज्यों से भाग लिया। इसके अलावा संरक्षक डॉ. शोभा तोमर, ओम गोदारा, टीम मैंबर एडवोकेट ओ पी गुप्ता, रजनी दिनेश माथुर, पुखराज प्रजापति, रेखा गोयल, राखी अग्रवाल, बसंत जैन, विनोद जैन, राहुल मोठडिया, घनश्याम मुलानी विशेष अतिथि सुमन शर्मा, कौशल्या प्रजापति, कैलाश, क्रेडाई मैंबर्स व अन्य संस्थान सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. सुनील दंड ने फ्री मेडिकल चेकअप दिया। मंच संचालन कुलदीप गुप्ता ने किया।

**क्रिएटिव हार्ट्स** उत्सव में जीवंत हुए मुंबई की कलाकार के शाश्वत प्रेम के चित्र

# बरगद की जड़ों से दर्शाया प्रेम की भावनाओं का विस्तार

**बेधड़क | जयपुर**

आदि से अनादि काल तक युग बदले, चेहरे बदले और विचारधाराएं बदलीं पर प्रेम का रूप यथावत है। इस विचार को कलाकार ने आर्ट के जरिए दर्शाते हुए मैसेज दिए तो कला प्रेमियों ने उत्साह दिखाया। मौका था जवाहर कला केन्द्र में 'क्रिएटिव हार्ट्स' फेस्टिवल में प्रेम के शाश्वत रूप को दर्शाते मुंबई की चित्रकार कांता सिंह के चित्रों का आकर्षण, जो जयपुराइट्स को रोमांचित कर गया। उन्होंने बरगद की जड़ों से प्रेम की भावनाओं के विस्तार को समझाया। जिस तरह बरगद की जड़े फैलती जाती हैं ठीक इसी तरह हमारे इमोशंस होते हैं जो कभी मरते नहीं, बल्कि समय के साथ और गहरे होते जाते हैं।




### ऐसा है पेंटिंग में प्रेम का रूप

"अमर प्रेम' एक ऐसी पेंटिंग यहां सजाई गई है, जो हमेशा बने रहने वाले प्यार का जश्न मनाती है, जिस पर समय का कोई असर नहीं पड़ता। यह उज्ज्वल रंगों से भरी हुई और इसमें ऐसी प्रेम कहानी की छवि है, जो जीवन में परिवर्तन के बावजूद नहीं मिटती। मुख्य रंग, लाल और नीला, मजबूत भावनाओं को दर्शाते हैं, जबकि हल्के रंग और तितलियां एक नरम स्पर्श जोड़ते हैं। जो दर्शाते हैं, कि प्यार कैसे कोमल और जीवन बदलने वाला हो सकता है। पेंटिंग में हर एक भाग को सावधानी से चुना गया है। जैसे लोगों के शांत चेहरे और एक-दूसरे में उलझती बेलें, जो जीवन और आत्माओं के आपस में जुड़े होने का प्रतीक हैं। पेंटिंग में प्रतीकों, जीवंत रंगों और वास्तविक भावनाओं का सम्मिश्रण एक ऐसे संबंध की कहानी कहता है, जो समय परिवर्तन को सहन करता हुआ आत्माओं के बीच एक गहरा और मजबूत संबंध कायम करता है।

### आकर्षक है भगवान बुद्ध की चित्र श्रृंखला

साथ ही शो में भगवान बुद्ध की एक श्रृंखला दिलचस्प है, जिसके जरिए बताने की कोशिश की है, कि अगर आपका मन शांत है तो आपके जीवन-पथ को कोई डिगा नहीं सकता। मन को शांत रखते हुए सकारात्मकता से अगर हम आगे बढ़ें तो अपने हर लक्ष्य को पा लेंगे। इस श्रृंखला में योग करते हुए बुद्ध के इर्द-गिर्द कई सिंबल्स दिखाएं गए। कैनवास पर गहरे ध्यान में लीन बुद्ध का चित्रण देखने योग्य है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 26 दिसंबर, 2023





अपनी पीड़ा के लिए संसार को दोष मत दो। अपने मन को समझाओ क्योंकि तुम्हारे मन का परिवर्तन ही तुम्हारे दुखों का अंत है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## ईसा मसीह के जन्मस्थान बेथलहम में क्रिसमस रहा फीका




यीशु के पारंपरिक जन्मस्थान में अधिकारियों द्वारा इज़राइल-हमास युद्ध के कारण उत्सव न मनाने का निर्णय लेने के बाद बेथलहम में क्रिसमस फीका रहा।

# इजराइल के हवाई हमले में 68 लोगों की मौत

**एजेंसी** | दीर अल बलाह (फिलिस्तीन)

मध्य गाजा में हुए इजराइली हमले में 68 लोगों की मौत हो गई। इस हमले में मारे गए 68 लोगों में कम से कम 12 महिलाएं और सात बच्चे हैं। इससे पहले गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में 70 लोगों की मौत हुई है। इस मामले में इजराइली सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की है। आम तौर पर गुलजार रहने वाला ईसा मसीह का जन्मस्थान बेथलहम क्रिसमस पर वीरान शहर सा नजर आया, जहां इजराइल-हमास युद्ध के चलते जश्न नहीं मनाया गया।



### मारे गए 20 से ज्यादा फिलिस्तीनी

हमास-इजराइल युद्ध ने गाजा के कई हिस्सों को तबाह कर दिया है। इस दौरान करीब 20,400 फिलिस्तीनी मारे गए। क्षेत्र के लगभग सभी 23 लाख लोग विस्थापित हो गए हैं। इस बीच सप्ताहांत में युद्ध के दौरान इजराइल के 15 सैनिकों की मौत हो गई। इस बात संकेत है कि हमास कई हफ्तों के भीषण युद्ध के बावजूद अब भी लड़ाई लड़ रहा है। इस युद्ध में अब तक 154 इजराइली सैनिक मारे गए हैं।

### पाकिस्तान के चुनाव में उतरी आतंकी हाफिज सईद की पार्टी

# भारत के मोस्ट वांटेड टेररिस्ट ने चुनाव में उतारे प्रत्याशी

**एजेंसी** | लाहौर

हाफिज सईद की राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) पाकिस्तान में 8 फरवरी, 2024 को होने वाले चुनाव में हिस्सा लेने का ऐलान किया है। पार्टी ने संसदीय और राज्य विधानसभा की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने का फैसला किया है। इस चुनाव में हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी अपनी किस्मत आजमाएगा। वह नेशनल असेंबली के निर्वाचन क्षेत्र NA-127 लाहौर से चुनाव लड़ेगा। वहीं, पीएमएमएल का सेंट्रल प्रेसिडेंट खालिद मसूद सिंधु पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सुप्रीमो और पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ NA-130 सीट से चुनाव लड़ेगा। हाफिज सईद की इस पार्टी का चुनाव चिह्न कुर्सी है।

### आतंकी का बेटा भी आजमाएगा किस्मत



### सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान

पीएमएमएल के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनकी पार्टी ने देशभर में सभी संसदीय सीटों और प्रांतीय सीटों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। ताबिश कय्यूम ने दावा किया कि हमने कोई भी सीट निर्विरोध नहीं छोड़ी है। हालांकि, उनका कहना है कि संपर्क किए जाने पर उनकी पार्टी दूसरे दलों के साथ सीटों का समायोजन करने के लिए तैयार होगी।

### प्रतिबंध से पहले मिल्ली मुस्लिम लीग था नाम

पीएमएमएल ने 2018 के आम चुनाव में प्रतिबंधित जमात-उद-दावा के राजनीतिक चेहरे मिल्ली मुस्लिम लीग के रूप में भाग लिया था, लेकिन वह किसी भी चुनावी क्षेत्र से आशाजनक परिणाम प्राप्त करने में विफल रही। उसके सभी उम्मीदवारों के जमानत तक जब्त हो गए थे। जब पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय दवाब में जमात-उद-दावा और उसके राजनीतिक धड़े मिल्ली मुस्लिम लीग पर प्रतिबंध लगाया तो उसने अपना नाम बदलकर पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग कर लिया।


### पार्टी के कई नेता चुनाव मैदान में उतरे

पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के प्रवक्ता कय्यूम ने कहा कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फैसल नदीम NA-235 कराची से, वित्त सचिव एआर नकवी PP-156 से, हाफिज अब्दुल रऊफ NA-119 से, खालिद नाइक गुज्जर PP-162 से, पंजाब महासचिव मुजम्मिल इकबाल हाशमी एनए-77, गुजरांवाला से चुनाव लड़ेंगे।

# अमेरिका में दो अलग-अलग जगह भूकंप के झटके

**एजेंसी** | हवाई (अमेरिका)

अमेरिका में हवाई के बिग आइलैंड और सिएटल के पश्चिमोत्तर में ओलंपिक पेनिन्सुला में भूकंप के झटके महसूस किए गए और इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।



हवाई और वाशिंगटन के ओलंपिक पेनिन्सुला में भूकंप आया। हवाई द्वीप के दक्षिण पूर्वी तट के पास शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे आए भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा सुनामी चेतावनी प्रणाली के अनुसार, इस भूकंप से सुनामी आने का खतरा नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, इसके कुछ ही घंटों बाद पुगेट साउंड इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह भूकंप 4.0 तीव्रता का था और इसका केंद्र सिएटल के उत्तर-पश्चिम से 25 मील (40 किमी) उत्तर -पूर्वी ओलंपिक प्रायद्वीप में था।




### मानव तस्करी के संदेह में रोका गया था

# भारत रवाना हुआ फ्रांस में खड़ा विमान

**एजेंसी** | वैट्री (फ्रांस)



मानव तस्करी के संदेह में जांच के लिए फ्रांस में कई दिनों से खड़ा विमान सोमवार को भारत के लिए रवाना हो गया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई से 303 यात्रियों को लेकर निकारागुआ जाने वाली उड़ान को 'मानव तस्करी' के संदेह में गुरुवार को पेरिस से 150 किमी पूर्व में वैट्री हवाई अड्डे पर रोक दिया गया था। वैट्री हवाई अड्डे के बाहर 'एसोसिएटेड प्रेस' के संवाददाताओं ने चालक दल और लगभग 200 अन्य लोगों के विमान में चढ़ने के बाद 'लीजेंड एअरलाइंस ए-340' को उड़ान भरते देखा। यात्रियों में एक 21 महीने का बच्चा और 11 नाबालिग शामिल हैं जिन्हें विशेष प्रशासनिक देखभाल में रखा गया है। कई यात्रियों ने फ्रांस में ही आश्रय के लिए अनुरोध किया है। इसके अलावा दो अन्य यात्रियों को हिरासत में लिया गया है और आरोपों के सिलसिले में उन्हें न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। दोनों व्यक्तियों को अवैध आव्रजन गिरोह में भूमिका निभाने के संदेह में शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। उनकी हिरासत शनिवार को 48 घंटे तक के लिए बढ़ा दी गई थी। सोमवार को विमान के दो यात्रियों की पुलिस हिरासत की शर्तें हटा ली गईं। लोक अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि एक न्यायिक जांच शुरू की गई है। एयरलाइन की वकील ने तस्करी में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया। रोमानियाई एअरलाइन 'लीजेंड एअरलाइंस' की वकील मी लिलियाना बकायोको ने कहा कि विमान को किराए पर लेने वाली एक साझेदार कंपनी प्रत्येक यात्री के पहचान दस्तावेजों को सत्यापित करने के लिए जिम्मेदार थी, और उड़ान से 48 घंटे पहले यात्रियों की पासपोर्ट जानकारी एयरलाइन को भेजी थी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl